दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी


चैत्र नवरात्र शक्ति .......


जब लगाएं परफ्यूम.......

वर्ष : 10 | अंक : 119 | लखनऊ, 08 अप्रैल, सोमवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**
अधिकतम तापमान 18.c
न्यूनतम तापमान 12.c

**बाजार**
सोना 5848/ g
चांदी 75.50/ g
सेंसेक्स 72,085.63
निफटी 21,853.80

# गरीबों को भूखों मारती थी और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी कांग्रेस: सीएम योगी

## सीएम योगी ने भरतपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रामस्वरूप कोली के लिए कमल खिलाने का किया आह्वान

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजस्थान में किया चुनाव प्रचार**

**कांग्रेस के पास न नीति, न नेता और न साफ नीयत: योगी**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

भरतपुर : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजस्थान की चुनावी सभा में पहुंचे। उनकी पहली जनसभा भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में हुई। यहां से पूर्व सांसद व भाजपा उम्मीदवार रामस्वरूप कोली के लिए वोट की अपील करते हुए कहा कि 'अबकी बार 400 पार' के लिए रामस्वरूप कोली को भी विजयी बनाना होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने केंद्र की मोदी व राज्य की भजनलाल सरकार के कार्यों के बलबूते भाजपा के पक्ष में मतदान का आग्रह किया तो वहीं कांग्रेस को निशाने पर रखा। साथ ही राजस्थान विधानसभा चुनाव में कमल खिलाने के लिए राजस्थान वासियों के प्रति आभार जताया।

### कांग्रेस के लोग बेदम रहते थे और घुटने टेकते थे

कांग्रेस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निशाने पर रही। उन्होंने कहा कि एक तरफ 'द गार्डियन' की रिपोर्ट कहती है कि पाकिस्तान के अंदर चुन-चुन कर आतंकवादी मारे जा रहे हैं। दुनिया आतंकवाद को बोझ मान रही है। समाज के बोझ यह आतंकवादी मारे ही जाने चाहिए। यह सबकी सुरक्षा के लिए खतरा हैं, लेकिन कांग्रेस अपनी सरकार के समय गरीबों को भूखों मारती थी और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी। वहीं मोदी जी चार साल से 80 करोड़ गरीबों को फ्री राशन की सुविधा दे रहे हैं। केंद्र सरकार किसानों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं को ध्यान में रखकर अपनी योजनाओं को बनाते हुए कार्य कर रही है।



### किसी की हिम्मत नहीं कि वह भारत के खिलाफ बोलने की ताकत जुटा सके

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत दुनिया की ताकत बन रहा है। दो-तीन दिन पहले इंग्लैंड के प्रतिष्ठित समाचार 'द गार्डियन' की रिपोर्ट ने बताया कि पाकिस्तान के अंदर 20 दुर्दांत अपराधी मारे गए हैं। हो सकता है कि यह भारत ने मारे हो, लेकिन कल तक आतंकवादियों को प्रश्रय देने वालों में से किसी की भी हिम्मत नहीं कि वे भारत के खिलाफ बोलने की ताकत कर सकें। नया भारत अपने नागरिकों व सीमाओं की सुरक्षा करना जानता है। राजस्थान के लोग सिर्फ राम-राम सा ही नहीं करते, बल्कि सीमा की सुरक्षा में सेंध लगाने आतंकियों का राम नाम सत्य भी कर देते हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत के नागरिकों का दुनिया में सम्मान बढ़ा है। नक्सलवाद, उग्रवाद व आतंकवाद समाप्त हुआ है। 1952 में देश को धारा-370 का दंश देने वाली कांग्रेस के इस फैसले को पीएम मोदी व गृह मंत्री अमित शाह ने सदैव के लिए समाप्त कर दिया।

### कांग्रेस के समय नीति, नेता व निर्णय नहीं हो पाते थे

सीएम ने कहा कि कांग्रेस की नीयत साफ नहीं थी। इनके समय नीति, नेता और निर्णय नहीं हो पाते थे पर मोदी सरकार में बनी योजनाओं का कोई सानी नहीं है। सीएम ने केंद्र सरकार के विकास कार्यों को भी गिनाते हुए कहा कि भाजपा शासन में सुरक्षा, समृद्धि और विकास हो रहा है। कांग्रेस के लोग अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं करा पाते। वे कहते थे कि राम हुए ही नहीं। भरतपुर के बगल में मथुरा, वृंदावन, गोकुल, बरसाना, नंदगांव, गोवर्धन है, फिर भी कांग्रेस के लोग कहते हैं कि कृष्ण हुए ही नहीं। कांग्रेसी हमारे इतिहास व विरासत पर प्रश्न खड़ा करते हैं। सीएम ने आह्वान किया कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान चाहिए। विकसित राजस्थान के लिए विकसित भरतपुर और विकसित भरतपुर के लिए रामस्वरूप कोली चाहिए। राजस्थान की ओर से 25 मनकों की जो माला जानी है, उसमें भरतपुर की भी एक माला होनी चाहिए।

### समृद्ध-पराक्रमी परंपरा का वारिस विभाजनकारी राजनीति को प्रश्रय नहीं दे सकता

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम लोग समृद्ध विरासत के उत्तराधिकारी हैं। महाराज सूरजमल ने औरंगजेब के छक्के छुड़ाते हुए मुगल सेनाओं के किले में भूसा भरवा दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### पूरा विश्वास है कि हिमाचल प्रदेश की जनता हमारा समर्थन करेगी, सत्य की जीत होगी : प्रियंका गांधी

नयी दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में एक साथ होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव से पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को विश्वास जताया कि राज्य के लोग उनकी पार्टी को समर्थन देंगे और सत्य की जीत होगी। प्रियंका ने कहा कि एक तरफ सत्ता के लिए धनबल और एजेंसियों के माध्यम से लोकतंत्र को खत्म करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजनीति है, जबकि दूसरी ओर सत्य, साहस और धैर्य से जनता के लिए अथक परिश्रम करने का कांग्रेस का संकल्प है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं से मिली। उनकी एकजुटता, मेहनत एवं मजबूती से चुनाव लड़ने के जज्बे और जनता के प्रति उनके समर्पण पर मुझे गर्व है। प्रियंका ने कहा, एक तरफ भाजपा का भय, लालच और झूठ का साम्राज्य है। धनबल और एजेंसियों के माध्यम से सत्ता के लिए लोकतंत्र को खत्म करने वाली राजनीति है। दूसरी तरफ, कांग्रेस के पास सत्य, साहस और धैर्य से जनता के लिए अथक परिश्रम करने का संकल्प है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि जनता हमारा साथ देगी और जीत सत्य की ही होगी। हिमाचल प्रदेश में एक जून को लोकसभा चुनाव के साथ छह विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव होंगे। बागी कांग्रेस विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद हिमाचल प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव कराने जरूरी हो गए हैं। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा सीट हमीरपुर, मंडी, शिमला और कांगड़ा हैं। भाजपा ने 2019 में सभी चार सीट पर जीत हासिल की थी। बाद में, पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने तत्कालीन सांसद राम स्वरूप शर्मा के निधन के बाद 2021 में हुए उपचुनाव में मंडी सीट भाजपा से छीन ली थी।

## बिजली मंत्री ने मुफ्त बिजली देने के लिए कर्ज लेने पर सचेत किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। बिजली मंत्री आर के सिंह ने मुफ्त बिजली देने के लिए उधार लेने वाले पंजाब जैसे राज्यों को कर्ज के जाल में फंसने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसी लोकलुभावन योजनाएं तभी ठीक हैं, जब किसी राज्य के पास पर्याप्त धन हो। उन्होंने कहा कि किसी भी दूसरी चीज की तरह बिजली उत्पादन की लागत होती है, और अगर कोई राज्य इसे उपभोक्ताओं के एक वर्ग को मुफ्त में देता है, तो यह भी सोचना चाहिए कि उत्पादन संयंत्र को भुगतान भी करना होगा। अगर उत्पादन संयंत्र को भुगतान नहीं किया गया, तो बिजली उत्पादन नहीं होगा।

सिंह ने कहा कि वह राज्यों से कहते रहे हैं कि बिजली मुफ्त नहीं है। उन्होंने कहा, अगर कोई राज्य किसी भी श्रेणी के लोगों को मुफ्त बिजली देना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है, लेकिन उन्हें इसके लिए भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों पर पहले ही बहुत कर्ज है, वह भी ऐसे लोकलुभावन उपायों का सहारा ले रहे हैं, और उन्हें बिजली संयंत्रों को भुगतान करने के लिए अधिक कर्ज लेना पड़ रहा है। इसके चलते वे ऋण के जाल में फंस गए हैं। ऐसा करने वाले राज्यों के नाम पूछने पर उन्होंने पंजाब का नाम लिया।

## छठी मइया की जय के साथ पीएम मोदी ने शुरू किया भाषण

**कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को जमकर सुनाई खरी-खोटी**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के नवादा जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने मगही में अपने भाषण की शुरूआत की। पीएम मोदी ने जनता से कहा, 'अपने सब लोग के हम प्रणाम कर हिएई।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं ?बिहार और मगध की धरती को प्रणाम करता हूं। मगध की इस महान धरती में चंद्रगुप्त मौर्य का शौर्य है, आचार्य चाणक्य की बौद्धिक क्षमता है और इसमें देश को दिशा देने का सामर्थ्य है। ये क्षेत्र बिहार के पहले मुख्यमंत्री बिहार केसरी श्रीकृष्ण बाबू की जन्मभूमि भी है। नवादा लोकनायक श्री जयप्रकाश नारायण जी की भी कर्मभूमि है। मैं इन सभी महान विभूतियों को आदरपूर्वक नमन करता हूं।' पीएम मोदी ने कहा, 'मोदी, देश से गरीबी खत्म करने के मिशन में जुटा है। मैं भी आप ही की तरह गरीबी को जीकर यहां आया हूं। गरीब का बेटा मोदी, गरीब का सेवक है। मैं जब तक देश के हर भाई-बहन की गरीबी दूर नहीं कर लूंगा, चैन से नहीं बैठूंगा।' बता दें, पीएम मोदी बीजेपी प्रत्याशी विवेक ठाकुर के समर्थन में प्रचार करने नवादा आये थे।



### बिहार में फिर लहराएगा ठऊअ का परचम: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों के उत्साह को देखकर कहा, 'नवादा की धरती का उत्साह देखकर लगता है कि बिहार में एनडीए का परचम लहराने वाला है। दोनों गेट पर मैं देख रहा हूं कि लोगों का हुजूम अभी आ ही रहा है। यह अद्भुत नजारा है। बीते 10 वर्षों से देश ने जिन ऊंचाइयों को छुआ है, देश में विकास के जो काम हुए हैं, एनडीए को मिल रहे विशाल जनसमर्थन में उसकी झलक देखने को मिल रही है। इसलिए आज पूरा देश कह रहा है, एक बार फिर मोदी सरकार।'

### राम मंदिर को लेकर इंडी गठबंधन के मन में जहर- पीएम मोदी

राम मंदिर पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मोदी ने गारंटी दी थी कि अयोध्या में राम लला का भव्य मंदिर बनेगा और आज भव्य राम मंदिर का शिखर आसमान छू रहा है। जिस राम मंदिर के निर्माण को रोकने की कांग्रेस और फखऊ ने कोशिश की, वो राम मंदिर बनकर तैयार हो गया। उन्होंने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का विरोध किया। उनकी पार्टी के कुछ लोग राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में आ गए, तो उनको 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया।'

## सीतारमण ने बेंगलुरु में जल संकट पर चिंता जतायी, सिद्धरमैया सरकार पर निशाना साधा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बेंगलुरु में जल संकट को लेकर राज्य की सिद्धरमैया सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पिछले साल कर्नाटक में सत्ता में आने के बाद कई सिंचाई तथा जल संबंधी परियोजनाओं व पहलों को रोक दिया। उन्होंने राज्य में कथित तौर पर बिगड़ती कानून व व्यवस्था की स्थिति के लिए भी कांग्रेस की आलोचना की। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह बहुत चिंताजनक और दुखद है कि शहर जल संबंधी समस्याओं से जूझ रहा है। सीतारमण ने कहा, केवल पानी उपलब्ध न होना ही एक समस्या नहीं है। कल से शहर में दुर्भाग्यपूर्ण रूप से हैजा फैलने को लेकर आ रही खबरें भी बहुत चिंताजनक हैं...यह चिंता की बात है लेकिन मुझे लगता है यह इसलिए है कि लोगों के पास पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं, दूषित पानी भी लोगों तक पहुंच रहा है और इसके परिणामस्वरूप उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, जब कर्नाटक विधानसभा में पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए जाते हैं तो इसका अप्रत्यक्ष समर्थन होता है...यह बहुत बड़ा संकेत है कि यह ठीक है, हम कुछ भी कर सकते हैं और बच सकते हैं। सूखा राहत निधि में देरी के बारे में एक सवाल पर सीतारमण ने कहा कि कर्नाटक सरकार ने अक्टूबर में ज्ञापन सौंपा और अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल यहां आया था और निरीक्षण किया था। केंद्र का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि सूखा राहत निधि कुछ प्रक्रियाओं के तहत जारी की जाती है और इसमें वक्त लगा था।



## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप नेताओं ने किया सामूहिक अनशन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी के प्रमुख नेता एक दिन के अनशन के लिए रविवार को यहां जंतर-मंतर पर एकत्र हुए। पार्टी नेताओं ने कहा कि अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेश में भी भारतीय नागरिक इस प्रकार का विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनमें बोस्टन में हार्वर्ड स्क्वायर, लॉस एंजिलिस में हॉलीवुड साइन, वाशिंगटन में भारतीय दूतावास के बाहर, न्यूयॉर्क टाइम्स स्क्वायर और टोरंटो, लंदन तथा मेलबर्न समेत कई स्थान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आप शासित पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के गांव खटकर कलां में सामूहिक अनशन में शामिल हुए। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल, उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, मंत्री आतिशी, गोपाल राय और इमरान हुसैन सहित आप के कई वरिष्ठ नेता सुबह 11 बजे से राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर पर दिन भर के सामूहिक अनशन पर बैठे। आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने लोगों से केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में अनशन में शामिल होने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी आप को खत्म करने की भाजपा की साजिश का हिस्सा है। केजरीवाल 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं।

## हम जनता को जनार्दन मानते हैं जबकि कांग्रेस के लोग एक परिवार को : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

जयपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दावा किया कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार रहा है क्योंकि वह जनता को जनार्दन मानती है जबकि कांग्रेस के लोग एक परिवार को। राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा जनता से किये गये सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। बीकानेर के कोलायत में सिंह ने भाजपा उम्मीदवार अर्जुनराम मेघवाल के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति का ट्रैक रिकार्ड बेहद शानदार है और इसलिये शानदार है क्योंकि हम जनता को जनार्दन मानते है और कांग्रेस के लोग एक परिवार को। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाती है तो उन्हें दुख होता है।



सिंह ने कहा, कांग्रेस हमारी सेना के जवानों पर सवाल उठाती है। वे सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगते हैं। पूरी दुनिया को सबूत मिल गया है, सिर्फ कांग्रेस को नहीं मिला। उन्होंने एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा का समर्थन करते हुए कहा कि इससे देश का पैसा, समय और संसाधन बचेंगे। उन्होंने कहा, एक देश, एक चुनाव को लोगों का समर्थन मिलेगा लेकिन कांग्रेस आदतन इसका विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत 2027 की शुरूआत तक अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। राजस्थान में 19 और 26 अप्रैल को दो चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे।

## पीएम मोदी भ्रष्टाचार खत्म करना चाहते हैं जबकि इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों को बचाना चाहता है : जे पी नड्डा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

अरियालूर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को आरोप लगाया कि जमानत पर रिहा या जेल में बंद इंडिया गठबंधन के नेता भ्रष्ट लोगों को बचाने के लिए प्रयासरत हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश से भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। नड्डा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जैसे नेता जेल में हैं जबकि सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेता जमानत पर हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी विकास के पक्षधर हैं और भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

यहां एक रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि मैं भ्रष्टाचार खत्म कर दूंगा, लेकिन इंडिया गठबंधन के नेता कहते हैं भ्रष्ट लोगों को बचाओ। यही उनकी (विपक्ष की) कार्यशैली है। तमिलनाडु में द्रमुक और उसकी सहयोगी कांग्रेस भ्रष्ट है। वे सभी अपने परिवारों, वंशों और खुद को उनके भ्रष्टाचार से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश भर में विपक्षी नेता परिवारवादी पार्टियों से हैं और अपने वंशवाद और परिवारवाद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।



उन्होंने कहा, इसलिए भ्रष्ट द्रमुक सरकार के तहत तमिलनाडु में विकास भी दांव पर है और लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए द्रमुक और उसके सहयोगियों को उखाड़ फेंकना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां जो उत्साह, जोश और जीवंतता उन्होंने देखी उससे उन्हें विश्वास है कि लोग भाजपा उम्मीदवारों को संसद में भेजेंगे। नड्डा ने द्रमुक और कांग्रेस पर तमिल संस्कृति, परंपरा और रीति-रिवाजों के खिलाफ जाने का आरोप लगाया और कहा कि इसका अंदाजा मोदी द्वारा संसद में सेंगोल की स्थापना से लगाया जा सकता है जब उन्होंने (द्रमुक और कांग्रेस) इसका विरोध किया था।

उन्होंने कहा, इस लड़ाई में हम तमिल संस्कृति को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहे हैं जबकि वे तमिल संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं। आपको यह समझना चाहिए। नड्डा ने दावा किया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विकास के लिए लंबी छलांग लगाई है और भारत, जो 2019 में दुनिया की 11 वीं आर्थिक शक्ति था, मोदी के नेतृत्व में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। उन्होंने कहा कि जब वह तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो देश, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। नड्डा ने विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा नीत सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि मोदी ने वंचित तबके पर ध्यान केंद्रित करके, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाकर और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा कर भारत को मजबूत बनाया। उन्होंने कहा, मोदी के लिए तमिलनाडु बहुत खास है। उन्होंने राज्य को कर हस्तांतरण तीन गुना और केंद्र से अनुदान सहायता चार गुना बढ़ाया।

उन्होंने स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (1,650 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ) के तहत तमिलनाडु के लिए अधिक धनराशि का आवंटन सुनिश्चित किया, इसके अलावा ग्रामीण सड़कों के विकास के लिए 613 करोड़ रुपये, पेयजल के लिए 872 करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास कार्यों के लिए 10,346 करोड़ रुपये आवंटित किए और राज्य के लिए रेलवे बजट को 7 गुना बढ़ा दिया। नड्डा ने रैली में कहा, एक तरफ हमारे पास देश और तमिलनाडु के लिए काम करने वाले प्रधानमंत्री हैं वहीं दूसरी तरफ आपके पास इंडिया गठबंधन है जो परिवार, वंशवाद बचाने के लिए काम कर रहा और केवल भ्रष्ट दलों का एक समूह है।

## संक्षेप

### बाइक से स्टंट करने से मना करने पर मारपीट की कोशिश, मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। हुलासखेड़ा में स्थित कल्पना रेजीडेंसी के फेज दो निवासी सूरज पाठक ने बताया उसके घर के पीछे रहने वाला युवक विजय सिंह बीते शुक्रवार की सुबह उसके घर के सामने बाइक से स्टंट कर रहा था जब उसने मना किया तो युवक विजय उग्र हो गया ओर गाली-गालौज करते हुये मारपीट पर अमादा हो गया ओर दोबारा स्टंट करने से रोकने पर जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित ने बताया दबंग किस्म के युवक विजय कालोनी के लोगो से भी आये दिन अभद्रता करता है ओर मारपीट पर आमदा हो जाता है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरी पर आरोपी विजय सिंह पर जान से मारने की धमकी देने व मारपीट की कोशिश समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

### मोहनलालगंज व निगोहां में बीस ली० देशी शराब पकड़ी, तीन को किया गिरफ्तार

मोहनलालगंज।दक्षिणी जोन की मोहनलालगंज व निगोहां पुलिस ने रविवार को अवैध देशी कच्ची शराब की धरपकड़ के लिये तीन अलग अलग स्थानो पर छापेमारी की।निगोहां पुलिस ने एक तस्कर सुनील रावत निवासी मगंटईया थाना निगोहां को दस ली०अवैध कच्ची शराब व मोहनलालगंज पुलिस ने हुलासखेड़ा गांव में दो अलग अलग स्थानो पर छापेमारी कर दो तस्करो सुनील व दुखीलाल निवासीगण हुलासखेड़ा थाना मोहनलालगंज को पांच-पांच ली०अवैध देशी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।पुलिस ने पकड़े गये तस्करो पर 60आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### तालाब में डूबने से शटरिंग मिस्त्री की हुई थी मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर में शनिवार शाम पानी भरे तालाब में मृत मिले शटरिंग मिस्त्री की मौत पानी में डूबने से हुई है।रविवार को उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण यही आया है। सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी ने बताया कि उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत होना आया है। इसके अलावा पीएम रिपोर्ट में मृतक के कहीं भी चोट के कोई निशान भी नहीं पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर मामले को दर्ज कर लिया जाएगा। बताते चलें कि सरोजनीनगर के अमौसी गांव में रहने वाले शटरिंग मिस्त्री शिवम रावत (22) का शव शनिवार शाम करीब 6:30 बजे गांव से कुछ दूर स्थित पानी भरे तालाब में पड़ा मिला था।मृतक के कपड़े और जूते तालाब के बाहर रखे मिले थे। इस मामले में मृतक के परिजन हत्या का संदेह जता रहे थे। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण पानी में डूबने से होना आया है।थाना प्रभारी का कहना है कि जाँच में भी यही आया है कि वह तालाब में नहाने उतरा। तभी गहरे पानी में जाने से डूब कर उसकी मौत हो गई।

# तेंदुआ जैसे दिखने वाले जानवर ने ऑटो चालक और बच्चे के ऊपर किया हमला

## सरोजनीनगर क्षेत्र की जनता में बना दहशत का माहौल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ।सरोजनीनगर में रविवार को भी लोगों में तेंदुए की दहशत फैली रही। रविवार दोपहर को किसी अज्ञात जानवर ने आटो सवार एक बच्चे पर हमला कर दिया।इससे लोग और दहशत में आ गए।हालाकि जानकारी मिलने के बाद सरोजनीनगर थाने की पुलिस और वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से क्षेत्र में कांबिंग की। लेकिन उन्हें ऐसी कोई भी जानकारी नहीं मिल सकी। जिससे तेंदुए के दिखाई पड़ने के सबूत मिल सके। फारेस्टर राजेश सिंह ने बताया कि दिन भर कांबिंग करने के साथ ही जानकारी करने पर लग रहा है कि कोई फिशिंग कैट (जंगली बिल्ली) है।इसी को लोग तेंदुआ समझ बैठे हैं।बताते चलें कि शनिवार को सरोजनीनगर के नई बस्ती, गौरी इलाके में तेंदुआ दिखाई पड़ने का मैसेज और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।इसके बाद लोगों में दहशत फैल गयी। हालाकि इसकी जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए की काफी तलाश की, लेकिन ऐसी कोई जानकारी नहीं मिल सकी, जिससे कि तेंदुए की पुष्टि हो सके। उधर सरोजनीनगर की नई बस्ती में रहने वाले रामकरन यादव के मुताबिक रविवार दोपहर कक्षा 5 में पढ़ने वाला उसका 10 वर्षीय बेटा शिखर यादव अपनी माँ के साथ स्कूटर इण्डिया चौराहे से ऑटो में बैठकर घर लौट रहा था। तभी स्कूटर इण्डिया - बिजनौर रोड पर एम्बुलेंस सर्विस सेंटर के पास तेंदुआ जैसे दिखने वाले जानवर ने ऑटो चालक और शिखर के ऊपर हमला कर दिया।जिससे ऑटो चालक और शिखर के अलावा ऑटो पर सवार अन्य सवारियां दहशत में आ गई। डरे सहमे ऑटो चालक ने अपने वाहन की रफ्तार बढ़ा दी तो उक्त जानवर पास की ही बाग में घुस गया। तब सब की जान में जान आई।रामकरन ने बताया कि उसके हमले से ऑटो चालक भी चोटिल हो गया। जबकि उसके बेटे शिखर के पैर में पंजे के निशान भी आ गए।इसके बाद लोगों में तेंदुआ होने की दहशत और फैल गई। बाद में इसकी सूचना पुलिस और वन विभाग को दी गई। वहीं बाद में शिखर का पास के निजी अस्पताल से इलाज कराया गया। जब इसकी जानकारी वन विभाग और सरोजनीनगर पुलिस को हुई, तो दोनों विभागों की संयुक्त टीम बनाकर क्षेत्र में तेंदुए की काफी तलाश की गई। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि जानकारी में आया है कुछ दिनों पहले वन विभाग द्वारा एक जंगली बिल्ली (फिशिंग कैट) पकड़कर कुरौनी जंगल में छोड़ी गयी थी। शायद इस जंगली बिल्ली को ही लोग तेंदुआ समझ रहे हैं। वहीं सरोजनीनगर रेंजर डीसी पंत ने बताया कि वायरल वीडियो पूरी तरह फेक है और बच्चे के ऊपर हमले वाली बात भी संदिग्ध है।लेकिन इसके बावजूद वन विभाग की टीम लगाकर पूरे दिन क्षेत्र में कांबिंग कराई गई। मगर कहीं कोई ऐसी जानकारी या चिन्ह नहीं मिला। जिससे कि तेंदुए की पुष्टि हो सके। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद वन विभाग की टीम हर समय तैयार है।फॉरेस्टर राजेश सिंह ने बताया कि उन्होंने सरोजनीनगर पुलिस के साथ मिलकर नई बस्ती और गौरी के अलावा नटकुर व किसान पथ के आसपास बागों और जंगलों में कांबिंग करने के बाद भी ना तो तेंदुए के कोई पग चिन्ह मिल सके और ना ही किसी व्यक्ति ने तेंदुए जैसे जानवर को कहीं देखा है।उनका कहना है कि हो सकता है जंगली बिल्ली को लोगों ने देख लिया हो, लेकिन फिलहाल तेंदुआ नहीं है।

## अखिल भारतीय मंचीय कवि पीठ के तत्वाधान में कवि सम्मेलन आयोजित



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** ये कवि सम्मेलन वास्तव में बहुत ही शानदार रहा।अखिल भारतीय मंचीय कवि पीठ के तत्वाधान में संस्था के वित्तीय सलाहकार सी. ए. उमा शंकर तिवारी के आवास पर होली मिलन एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ आनंद ओझा(पूर्व निदेशक, श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल हॉस्पिटल) के सम्मान में किया गया, संस्था के संस्थापक अध्यक्ष नरेश कात्यायन द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन संस्था के महासचिव कुलदीप सिंह नवाब द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती पुष्पा सुमन, डॉ शोभा दीक्षित भावना, चंद्रदेव दीक्षित चंद्र, आदर्श सिंह निखिल, सी. ए शैलेंद्र सिंह, चंद्रशेखर वर्मा, तरुण श्रीवास्तव, श्री मती गीतिका तिवारी, कुमारी अनुपमा सिंह, राजेंद्र सिंह चंदेल आदि कवियों ने बेहतरीन काव्यपाठ करके इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया

## भागवत राम कथा के छठवें दिन केवट प्रसंग का किया वर्णन

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बंथरा में नगर पंचायत कार्यालय के पास आयोजित 10 दिवसीय श्रीमद् भागवत राम कथा के छठवें दिन शनिवार देर शाम कथावाचक पंडित विष्णु कांत शास्त्री ने केवट प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने केवट और भगवान राम के संवाद की विस्तृत कथा सुनाते हुए बताया कि तापत शेष विशेष उदासी, चौदह वर्ष राम वनवासी। अर्थात राम जी को 14 वर्ष का वनवास हो जाने के बाद अयोध्या से वन गमन के लिए चले। सुमंत जी राघव को श्रंगबेरपुर निषाद राज के पास लेकर पहुंचे। जहां रात्रि विश्राम किया।पंडित विष्णु कांत ने कहा कि राघव जी कहते हैं कोई ना काऊ सुख-दुख कर दाता निज कृत कर्म भोग सुख भ्राता। मतलब ना तो कोई किसी को दुख दे सकता है, ना ही कोई किसी को सुख दे सकता है।हम अपने पूर्व जन्म के कार्यों के आधार पर सुख और दुखों को भोगते हैं। भगवान राम ने कहा कि मेरे वन जाने का कारण मैया कैकेई नहीं, बल्कि मैं स्वयं ही इसका कारण हूं। उन्होंने बताया कि सुबह होते ही राम जी का केवट से मिलना हुआ।तब मांगी नाव न केवट आना, कहहु तुम्हार मरम मै जाना। अर्थात राघव जी ने केवट से नाव मांगी, लेकिन केवट ने कहा प्रभु मैं आपका मर्म जानता हूं।जब तक आप अपने चरणों को नहीं धुलवाओगे तब तक आपको मैं गंगा पार नहीं उतारूंगा। केवट के यह वचन सुनकर भगवान राम प्रसन्न हुए और उन्होंने केवट से अपने चरण धुलवाए। आगे बताया कि राघव वन गमन करते हुए कोल भीलों से मिले। पंडित विष्णु कांत शास्त्री ने कहा कि इस तरह भगवान राम आधुनिक समाज को यह संदेश देना चाहते हैं कि मानवता का धर्म सबसे बड़ा धर्म है।इसलिए सबसे प्रेम करना चाहिए।कार्यक्रम में प्रभु राम और केवट संवाद के बाद झांकी भी प्रस्तुत की गई। जिसका पंडाल में मौजूद भक्तों ने खूब आनंद लिया। अंत में रोज की तरह चलने वाले भंडारे में पूड़ी सब्जी वितरित की गई।


## झोपड़ी में लगी आग से पैंतीस बकरियां जिंदा जली, लाखों का नुकसान

### आग बुझा रहे किसान की चपेट में आने से हाथ पैर झुलसे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात आग का विकराल रूप देखने को मिला खेत में बनी झोपड़ी में लगी आग से घरेलू सामान समेत दर्जनों बकरियां जिंदा जली आग की लपटें देखकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

माल थाना क्षेत्र के गोपरामऊ निवासी फूलचंद्र भाई रामऔतार के साथ गांव से करीब दो किलोमीटर दूर पड़ोस के गांव रनियामऊ में खेत में झोपड़ी बनाकर रहते है जहां वह बकरी पालन का काम करते है शनिवार शाम वह बकरियों को चारा पानी करने के बाद जरूरी काम से गोपरामऊ घर चले गए थे।उसके बाद अज्ञात कारणों के चलते झोपड़ी में आग लग गई। आग ने देखते-देखते विकराल रूप धारण कर लिया



झोपड़ी में लगी आग – फोटो



आग में झुलसे फूलचंद्र – फोटो

था।भीषण अग्निकांड हादसे में राम औतार की 15 और भाई फूलचन्द्र की 20 बकरियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग की लपटों में झोपड़ी में रखा अन्य सामान भी जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि आग खेतों में नहीं पहुंची नहीं तो कई बीघा फैसले भी जलकर राख हो जाती।

### दो गांवों के लोगों ने मिलकर आग पर पाया काबू

आसपास गांवों के ग्रामीणों ने ट्रैक्टर टैंकरो और बाल्टियों से पानी और मिट्टी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सके बताया जा रहा है कि भीषण अग्निकांड में फूलचंद्र व उसके भाई रामऔतर का लाखों रूपयों का नुकसान हुआ है। मौके पर सात बकरियों के शव पड़े मिले बाकी जलकर स्वाहा हो चुके थे आग बुझा रहे किसान फूलचंद्र की चपेट में आने से हाथ पैर झुलसे जिसे प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है दोनों भाई मिलकर बकरी पालन का कार्य करते थे उसी से अपना वह अपने पूरे परिवार का भरण पोषण करते थे घटना की सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने मौका मुआयना कर पीड़ितों को आर्थिक मदद दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

## ज्वेलर्स व्यवसाई के साथ हुई लूट के मामले में पुलिस को अभी भी लुटेरों का नही मिला कोई सुराग

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बंथरा इलाके में 4 दिन पहले ज्वेलर्स व्यवसाई के साथ हुई लूट के मामले में पुलिस को अभी भी लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। बल्कि वह खाली हाथ है।हालाकि इस घटना के खुलासे को लेकर पुलिस की चार-पांच टीमें जरूर बराबर लगी हुई हैं, लेकिन उन्हें भी अभी तक कोई कामयाबी हासिल नहीं हुई। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से बाइक सवार लुटेरे का पता लगाने में अभी भी जुटी हुई है।कई दिन बीतने के बाद भी पुलिस को सीसीटीवी कैमरों से अब तक कुछ खास नहीं हासिल हो सका कि जिनके सहारे वह लुटेरों तक पहुंच सके।इस मामले में बंथरा थाना प्रभारी हेमंत कुमार राघव का कहना है कि क्षेत्र व आसपास के पुराने हिस्ट्रीशीटरों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर घटना के बारे में पता लगाया जा रहा है कि वारदात में कहीं उनका हाथ तो नहीं। साथ ही कुछ इस तरह के संदिग्धों को समय-समय पर हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है।थाना प्रभारी का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।बताते चलें कि बंथरा में हनुमान मंदिर के पास रहने वाले सुरेंद्र कुमार बीते गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे काकोरी के बेहटा स्थित अपनी ज्वेलर्स दुकान बंद कर बाइक से 13 वर्षीय बेटे वंश के साथ घर जा रहे थे।तभी बंथरा स्थित लोनहा गांव के पास गड़रियन खेड़ा रेलवे फाटक पार करते ही रेलवे क्रॉसिंग से कुछ दूर आगे पहुंचने पर लोनहा जंगल में पीछे से पहुंचे 3 बाइकों पर सवार पांच बदमाशों ने सुरेंद्र को रोक लिया था। उस दौरान बदमाशों ने सुरेंद्र के असलहा लगाकर उनके बेटे वंश से करीब 2 लाख रुपए कीमत के गहनों और 50 हजार रुपये की नगदी भरा बैग लूट लिया।बाद में सभी लुटेरे सुरेंद्र का मोबाइल और उसकी बाइक की चाबी भी लेकर वहां से फरार हो गए थे। इस घटना के बाद बंथरा पुलिस सुरेंद्र की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लुटेरों की तलाश कर रही है।

## अज्ञात कारणों के चलते कैटर्स कारीगर ने लगाई फांसी

### एक मासूम के सर से उठा पिता का साया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अज्ञात कारणों के चलते कैटर्स कारीगर ने फांसी पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रहीमाबाद थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत उमरावल मजरा झब्बा खेड़ा निवासी राजेश प्रजापति (27) ने रविवार दोपहर करीब बारह बजे अज्ञात कारणों के चलते कमरे में छत से साड़ी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के समय घर पर कोई नहीं था. घर के अन्य स्वजन खेत गए हुए थे। जब मृतक के पिता मैकू खेत से दोपहार को वापस घर आया तब उसने देखा कि



मृतक राजेश फाइल – फोटो

बेटा राजेश अभी तक सो कर नहीं उठा है, वह 20 मिनट तक बाहर से दरवाजा खोलने की आवाज लगाता रहा जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तब खिड़की से अंदर देखा की उसका बेटा छत में फांसी के फंदे से झूल रहा था। यह देख पिता दंग रह गए। तब तक आसपास के लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक राजेश लखनऊ में एक कैटर्स के वहां कैटर्स कारीगीरी का काम करता था।मृतक राजेश की शादी आठ वर्ष पहले हुई थी. मृतक के परिवार में पत्नी मीना, तीन वर्षीय बेटा मान, माता सुशीला हैं. जिनका रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में एसओ रहीमाबाद अनुभव सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. परिवारीजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### निजी कम्पनी के आफिस में घुसकर टीएल को पीटा, जमकर की तोड़फोड़

लखनऊ।नगराम के बच्चनखेड़ा गांव निवासी अतुल वर्मा ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया मोहनलालगंज कस्बे में स्थित सैडोफैक्स कम्पनी में टीएल के पद पर नौकरी करता है, कम्पनी में काम कर ?ने वाले डिलवरी ब्वाय सोमेश पटवा निवासी डलमऊ जनपद रायबरेली को मैनेजर श्याम सिंह यादव ने गलत आचरण के चलते नौकरी से निकाल दिया था जिसके बाद शराब के नशे में धुत होकर आफिस आकर सोमेश ने जान से मारने की धमकी दी थी, बीते चार अप्रैल को आफिस आये पांच अज्ञात लड़को ने उसकी बुरी तरह पिटाई कर आफिस में जमकर तोड़फोड़ की ओर मैनेजर श्याम सिंह को भी सबक सिखाने की धमकी दी।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी सोमेश पटवा समेत उसके पांच अज्ञात साथियों पर मारपीट, तोड़फोड़ समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

## होटल साउथ एवेन्यू में रीजन कॉन्फ्रेंस सरोजिनी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 के रीजन 5 की रीजन कॉन्फ्रेंस सरोजिनी का आयोजन होटल साउथ एवेन्यू में किया गया।

रीजन चेयरपर्सन वीना सक्सेना ने बताया कि रीजन के अंतर्गत आने वाले तीनो जोन और 13 क्लबो के कार्यों की समीक्षा कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। ध्वज प्रस्तुतीकरण के साथ फोटो सीट और स्क्रैपबुक का भी अवलोकन किया गया। सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का अवार्ड लायंस क्लब इंदौर उड़ान की अध्यक्ष रेणुका चंदेल को दिया गया।सर्वश्रेष्ठ सचिव सूर्यकुमार सिंह, ग्लोरी ऑफ द रीजन लायन उषा गौड और आलोक लश्करी को दिया गया सर्वश्रेष्ठ लायन ऑफ द रीजन का अवार्ड रत्नेश श्रीवास्तव को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलभूषण




मित्तल कुक्की, मुख्य वक्ता डॉ प्रतीक श्रीवास्तव ,कॉन्फ्रेंस उद्घाटन कर्ता डिस्ट्रिक्ट गवर्नर यश शर्मा, विशिष्ट अतिथि योगेंद्र रुनवाल अनिल खंडेलवाल एसपी नामदेव जी, और अनीता जैन बदनावर थी। कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष एमजी पारेख थे।कार्यक्रम का संचालन मनिंदर सिंह चंडोक ने किया।

## जालसाजों ने खाताधारक के खाते से उड़ाए हजारों रुपए

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , मानक नगर थाना क्षेत्र के आरडीएसओ कॉलोनी में रहने वाले एक खाताधारक को जालसाज ने फोन कॉल कर अपने झांसे में लेकर क्रेडिट कार्ड का केवाईसी करने के नाम पर जानकारी हासिल कर दो बार में 97 हजार रुपए पार कर दिए जिसक मैसेज मोबाईल फोन पर आने पर पीड़ित ने साइबर सेल समेत स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है मानक नगर थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि आरडीएसओ कॉलोनी मकान संख्या सी 145/7 में रहने वाले गौरव कुमार यादव पुत्र राम केदार यादव के मुताबिक बीते 26 मार्च की शाम उनके मोबाईल फोन पर एक नंबर से कॉल आया कॉलर ने फोन पर खाताधारक के पिछले कार्ड के विवरण के साथ ही रिफंड एमाउंट की जानकारी दिया और कार्ड का डिटेल लेकर केवाईसी की बात कहा और थोड़ी देर बाद ही उनके क्रेडिट कार्ड से दो बार में 97 हजार रुपए निकलने का मैसेज प्राप्त हुआ मैसेज मिलने पर खाताधारक ने ऑनलाइन साइबर सेल में शिकायत कर स्थानीय मानक नगर पुलिस से शिकायत की है पुलिस ने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुटी है

### बंद मकान में लगी आग, घरेलू सामान खाक

दमकल की एक गाड़ी ने पाया काबू,

लखनऊ।कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित मानस नगर में रविवार सुबह एक बंद मकान में आग लग गई। वही पडोसियो ने मकान में आग लगा देख दमकल विभाग को सूचना देने के साथ मकान का ताला तोड़ आग बुझाने में जुट गए। वही आग की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। लेकिन इस दौरान मकान में रक्खा घरेलू सामान फ्रिज तथा अन्य सामान जलकर खाक हो गया।वही आलमबाग अग्निशमन अधिकारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि रविवार सुबह पडोसी के मकान में आग लगने की जानकारी मानस नगर निवासी विकास ने दी थी।आग पर काबू पा लिया गया है।मकान सुरेंद्र राम 953 मानस नगर थाना कृष्णा नगर निवासी का है।इस आग से कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे पटरी के किनारे पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में रविवार को एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे पटरी के किनारे पड़ा मिला। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लखनऊ - कानपुर रेल खंड स्थित पिपरसण्ड और अमौसी रेलवे स्टेशन के बीच हुल्ली खेड़ा के सामने अप व डाऊन पटरी के बीच पड़ा मिला शव कई दिन पुराना लग रहा था। पुलिस के मुताबिक मृतक युवक की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच होगी और वह फटा शर्ट, सफेद बनियान व नीली जींस पैंट पहने था। सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी ने बताया कि पिपरसण्ड रेलवे स्टेशन मास्टर से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आसपास लोगों को बुलाकर उसकी पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके अलावा उसके पास ऐसी कोई वस्तु भी नहीं मिली, जिससे कि उसकी पहचान कराई जा सके।शुरूआती जांच में शव दो दिन पुराना लग रहा है और मृतक की ट्रेन से गिरकर मौत हुई है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### ट्रैक्टर अटैचमेंट की दुकान से चोरों ने पार्ट्स किया चोरी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बिजनौर इलाके में बीते दिनों एक ट्रैक्टर अटैचमेंट की दुकान से चोरों ने पार्ट्स चोरी कर लिए।जानकारी होने के बाद बिजनौर के एल्डिको शौर्य निवासी दुकान मालिक रवि कुमार शर्मा ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रवि कुमार शर्मा के मुताबिक उनकी बिजनौर इलाके में बंथरा रोड स्थित सरैया गांव के पास ट्रैक्टर अटैचमेंट की दुकान है। रवि का कहना है कि बीती 22 मार्च की शाम को वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। अगले दिन सुबह जानकारी हुई कि दुकान से किसी अज्ञात व्यक्ति ने ट्रैक्टर अटैचमेंट के पार्टस चोरी कर लिए। फिलहाल रवि कुमार शर्मा की तहरीर पर बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## एसीसी सीमेंट कंपनी की ओर से सरोजनीनगर प्रेस क्लब के पत्रकारों को किया गया सम्मानित

### पत्रकारों को फूल माला पहनाने के साथ ही अंग वस्त्र व गिफ्ट देकर किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ।सरोजनीनगर इलाके में शनिवार देर शाम एसीसी सीमेंट कंपनी की ओर से बंथरा के डीलर शिवकुमार तिवारी द्वारा एक बैठक आयोजित की गई।दरोगा खेड़ा स्थित एक होटल में आयोजित बैठक के दौरान इंजीनियर कृष्ण गोपाल और बृजेश सिंह ने मौजूद लोगों को भवन निर्माण में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री के अनुपात की विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान उन्होंने सीमेंट की उपयोगिता और गुणवत्ता के बारे में भी विस्तार से बताया।कार्यक्रम में प्रेस क्लब सरोजनीनगर के पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डीलर शिवकुमार तिवारी व इंजीनियर बृजेश सिंह और कृष्ण गोपाल ने प्रेस क्लब सरोजनीनगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन पांडेय, उपाध्यक्ष प्रदीप यादव, महामंत्री राकेश यादव, कोषाध्यक्ष आसिफ खान, मीडिया प्रभारी पवन तिवारी, संगठन मंत्री मुकेश रावत, सह सचिव मिथिलेश कुमार, सदस्य सुरेंद्र कुमार यादव, इदरीश खान, विनय मिश्रा, रेहान खान, डॉ. विश्राम प्रजापति, एक दुबे और पंकज प्रजापति आदि पत्रकारों को फूल माला पहनाने के साथ ही अंग वस्त्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

# धीरेंद्र प्रकाश गुप्ता चौथी बार बने नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष : महामंत्री राकेश साहू

## नगर उद्योग व्यापार मंडल के हित में सदैव कार्य करता रहूँगा - धीरेंद्र प्रकाश गुप्ता

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित



हमीरपुर। नगर उद्योग व्यापार मंडल हमीरपुर के हुये विवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर धीरेन्द्र प्रकाश पुत्रा ( धीरू ) ने एतहासिक जीत दर्ज करते हुये उन्होने अपने प्रतिद्वन्दी राकेश अग्रवाल को 381 मतों से पराजित किया कि जिससे पराजित प्रत्याशी की जमानत जब्त हो नयी वहीं महामंनी पद के लिये राकेश साहू ने जीत दर्ज करी।पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाते हुर्य जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री सूर्य कुमार तिवारी के निदेर्शन में मुख्य चुनाव अधिकारी रावेन्द्र सचान व उनकी टीम ने रविवार को साबरी गेस्ट हाउस में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करामी मतगणना मतदान सुबह 9 बजे से शुरू होकर सायं 4 बजे तक चला मतदान के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच मतगणना का कार्य किया गया कुल मत 554 के सापेक्ष 473 व्यापारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमे धीरेन्द्र प्रकाश गुप्ता को ५२३ जबकि प्रतिद्वन्दी प्रत्याशी रामेश अग्रवाल को पर मत प्राप्त हुयेइसी प्रकार महागंनी पद हेतु हुये चुनाव में राकेश साहू को 250 मत तथा उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी प्रत्याशी शाश्वत ओगर को 218 मत प्राप्त हुयेइसके अलावा पहले ही कोषाध्यक्ष पद पर जयकिशोर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रोहित गुप्ता, मंत्री पद पर मकबूल अध्यद साबरी, संगठन मंत्री पद पर सन्तोष सचान तथा सचिन गुप्ता कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुये थे।चुनात को सकुशल सम्पन्न कराने में सहायक निर्वाचन अधिकारी दीपक मिश्रा तथा अभिषेक गुप्ता, सुभाष बाई,नरेन्द्र खाज पेशी सलीम मंसूरी, अनिल जयमिथोर गुप्ता, रोहित गुप्ता योगेर गुप्ता मौजूद रहे।

# सपा कार्यालय में इंडिया गठबंधन की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। इंडिया गठबंधन की एक सयुक्त बैठक समाजवादी पार्टी कार्यालय स्वङ्ग अनवार अहमद सभागार सिविल लाइन में संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि आज हमारा परिवार तीनगुना ताकत से सत्ता पक्ष को मुँह तोड़ जवाब देने को खड़ा है। समाजवादी पार्टी एवं नेतृत्व अपने सभी सहयोगी दलों के नेताओ एवं कार्यकताओं का सम्मान करता है। सभी कार्यकर्ता व क्षेत्रीय नेताओ की ज़िम्मेदारी है कि वह अपने बूथ पर अधिक से अधिक मतदान अपने पक्ष में कराने के लिए मतदाताओं को जागरूक करे। कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष आरती बाजपेयी ने संबोधित करते हुए कहा कि सत्ता के मौजूदा सांसद दस वर्षों से जनता के बीच कितना रहे कितना काम किया उनकी निष्क्रियता व जनपद को चारागाह की तरह समझ कर उन्होंने कुछ नहीं किया। दूसरी ओर जनपद की बेटी व पूर्व सांसद अन्नू टंडन लगातार स्वयं जनता के हर दुःख-सुख में एक सूचना पर अपनी भूमिका निभाने पहुँच जाती है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता गठबंधन धर्म को पूरी ताकत के साथ निभाएगा और देश में जुमलेबाजो को सबक उन्नाव की जनता ने सिखाने का मन बना लिया है।आप पार्टी के ज़िलाध्यक्ष अकमल जुनैद संबोधित करते हुए कहा कि लोक तंत्र की रक्षा एवं देश के अस्तित्वय को बचाने की लड़ाई है।समाज को दिशा देने के लिए पढ़े लिखे नेताओ की ही जरूरत है जो देश की जनता को स्वस्थ, शिक्षा, विकास, रोजगार दे व खुशहाली का माहोल हो।पूर्व सांसद व लोकसभा प्रत्याशी अन्नू टंडन ने कहा कि एक जुटता में शक्ति होती है हम सभी को अपने राष्ट्रीय नेतृत्व को सामने रख कर लड़ना है। जब लड़ाई बड़ी हो और देश को बचाना हो तो आपसी भेदभाव माने नहीं रखते। लोकतंत्र मजबूत रहेगा तो समाज के निचले पावदान पर बैठा हुया व्यक्ति भी आगे बढ़ने का हकदार होगा। इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता एवं नेता अपने को प्रत्याशी मान कर घर घर जाकर एक एक मतदाता से मिलकर अपनी विचार धारा और मौजूदा सरकार की कुरीतियो का व्याख्यान करे।कार्यक्रम को राष्ट्रीय सचिव सुंदर लाल लोधी, पूर्व राज्यमंत्री सुधीर रावत, उदय राज यादव, बदलू खाँ, सी के त्रिपाठी, रश्मि पांडेय, कृष्ण पाल यादव, प्रभा यादव, प्रदीप सिंह राठौर, अंकित परिहार, जंगबहादुर सिंह, कमल तिवारी, चंद्र प्रकाश शुक्ला, आशुतोष त्रिपाठी, यूसुफ पाल्की आदि ने संबोधित किया। बैठक का संचालन हेमन्त पाल ने किया।बैठक में अलवी मिश्रा, अनवर सिद्दकी, नरेंद्र लोधी, बालेन्द्र सिंह, ओम प्रकाश पासवान, धर्मेंद्र यादव, मकसूद अली, अखिलेश यादव शीलू, आलोक सिंह, लकी यादव, राहुल अग्निहोत्री, अमन अंजुम, अनिल फौजी, फैसल रहमान, उमा शंकर यादव, रमेश चन्द्र गुप्ता, आशीष त्रिपाठी, राम किशोर पाल, कृपा शंकर बाजपेयी, सूर्य नारायण यादव, ओमकांत पांडेय, अनुराग सिंह, यूसुफ वारसी, तन्मय श्रीवास्तव, आशुतोष शर्मा, कुलदीप निगम,रमेश चन्द्र गुप्ता, रामेद्र बाजपेयी, रामस्वरूप विश्वकर्मा, मुन्ना रावत, सोने लाल, अमित रंजन, कमलेश तिवारी आदि तमाम नेतागण एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# संक्षेप

## परेशान लोगों व रोजी रोजगार की मांगी दुआएं

पुरवा, उन्नाव। इस्लाम धर्म का पाक महीना माह ए रमजान में अल्लाह की खूब रहमत बरसती है और बुराई पर अच्छाई हावी हो जाती है। इस महीने में मुस्लमान अपनी चाहतों पर नकेल कस सिर्फ अल्लाह की इबादत करते हैं। जिसको लेकर नगर की दो मस्जिदों में 27 वीं शब में नमाज ए तरावीह में कुरान पाक मुकम्मल हुई। और उलेमाओं के जरिए हिंदुस्तान मुल्क में सुख, समृद्धि व अमन शांति और परेशान हाल लोगों व रोजी रोजगार की दुआएं मांगी गईं। नगर के दो मोहल्लों में सैदवाड़ा स्थित नेमतउल्लाह शाह मस्जिद में मौलाना दिलदार व मोहल्ला दलीगढ़ी चांद तारा मस्जिद में मौलाना नजर मोहम्मद ने माह ए रमजान की 27 वीं शब में कुरआन पाक मुकम्मल कराया। और दोनों मस्जिद में तरावीह पढ़ने वाले नमाज़ियों के द्वारा मौलाना दिलदार व मौलाना नजर मोहम्मद और मुअज्जन इमाम अली व आसिफ को माला पहनाकर मुबारक दी गई। इस दौरान मौलाना मो० इस्लामुद्दीन बरकाती ने बताया कि आज नौजवान मुस्लमान मस्जिद से दूरी बना रहें हैं जबकि नौजवानों को इबादत करनी चाहिए क्योंकि अल्लाह पाक को नौजवान की इबादत पसंद हैं। इस मौके पर हाफि ज खालिद, हाफि ज गुलाम वारिस, कारी सरीफुद्दीन, जहांगीर खान, फैसल खान, तौफीक कुरैशी, हाजी मोहम्मद शरीफ, इजरार खान, अमन खान, इलियास, शरीफ खान, आदि जायरीनों को सीरीनी तस्लीम किया गया।

## ठेकेदार ने झांसे में लेकर खेत से खुदवा ली मिट्टी

पुरवा, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के गांव गदोरवा निवासी किसान हरीशंकर व प्रमोद ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव स्थित भूमि संख्या 73 व 74 हैं। जिसपर गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण संस्था के ठेकेदार देव कुमार शर्मा से 50 हजार में तीन फीट मिट्टी खोदने की बात हुई थी।लेकिन ठेकेदार द्वारा लगभग 10 फिट मिट्टी का खोद ली गई।और ज्यादा खोदी गई मिट्टी का पैसा भी नहीं।साथ ही भूमि को समतल भी नहीं कराया। एसडीएम रनवीर सिंह ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही हैं।

## सड़क पर हुए अतिक्रमण से लगता जाम, प्रशासन मौन

बीघापुर, उन्नाव। सरकार सड़क के चौड़ीकरण की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। ताकि आवागमन में किसी भी तरह की समस्या नहीं हो। सड़क पर ही लोग अपने ठेला व दुकान लगाकर व्यवसाय करते हैं। इससे आएं दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। पाटन से धानी खेड़ा मार्ग में पाटन कस्बे में सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों द्वारा सामान रखे जाने व ग्राहकों के द्वारा अपने वाहन खड़े किए जाने को लेकर व उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे ब्रिज के नीचे लोग अपने ठेला व दुकान लगाकर व्यवसाय करने के कारण बड़े व भारी वाहनों को आने में जाने में समस्या होने लगी है जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है मुख्य मार्ग होने कारण इसमें दर्जनों स्कूलों के वाहन नई सड़को के निर्माण को लेकर दिन रात बहनों का आना जाना बना रहता है

# सशस्त्र सेना बल के साथ पुलिस प्रशासन ने किया क्षेत्र निरीक्षण




## संवेदन सील क्षेत्रों में पहुंचकर स्वतंत्र मतदान हेतु आम जनमानस को किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर। जनपद के बकेवर थाना अध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र के संवेदन तथा अति संवेदनशील ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर फ्लैग मार्च किया थाना अध्यक्ष के साथ भारी पुलिस बल तथा सशस्त्र बल सीआरपीएफ के जवानों ने कंधे से कंधा मिलाकर समूचे क्षेत्र में आम जनमानस को जागरूक किया थाना अध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने क्षेत्र का डोमिनेशन करते हुए थाना क्षेत्र के गांव बकेवर देवमई मुसाफा बेंता डारी बुजुर्ग आदि में पहुंचकर नागरिकों को स्वतंत्र मतदान हेतु जागरूक किया।

# आगरा एक्सप्रेसवे पर एक दर्जन गरजते रहे सुखोई लड़ाकू विमान

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। वायु सेना के गगन शक्ति अभ्यास के तहत आज यहां के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे स्थित हवाई पट्टी पर एक दर्जन सुखोई लड़ाकू विमान गरजते हुए निकले। इनमें दो फाइटर प्लेन और एक मालवाहक एयरक्राफ्ट ने लैंड भी किया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों लैंड विमान रनवे पर दौड़ते हुए आसमान में विलीन हो गए।

वायु सेना के लड़ाकू विमानों का अभ्यास आज दोपहर बाद शुरू हुआ। ठीक 1:48 पर दो सुखोई विमान गर्जना करते हुए एयर स्ट्रिप के ऊपर से निकल कर चले गए। फिर 1:53 और 1:55 पर दोनों विमान पुनः लौटकर आए और हवाई पट्टी पर लैंड कर गए। बाद में दोनों फाइटर जेट एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम के निकट पार्क कर गए।

इसके बाद 2:08 पर दो सुखोई जेट एयर स्ट्रिप के नजदीक से निकले और चले गए। फिर 2:13 से 2:24 तक थोड़े-थोड़े अंतराल में पांच सुखोई एयरक्राफ्ट ने रनवे के ऊपर उड़ान भरी और टचडाउन किया। फिर दहाड़ते हुए आसमान में गुम हो गए। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सी हरक्यूलिस कार्गो एयरक्राफ्ट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम के निकट लैंड किया। इस कार्गो विमान में कंट्रोल रूम और एंटी मिसाइल गन सिस्टम का सामान लोड किया जाने लगा।

अभ्यास के पूर्व एक हेलीकॉप्टर ने हवाई पट्टी के कई चक्कर लगाए। अभ्यास समाप्ति के पूर्व भी हेलीकॉप्टर एयर स्ट्रिप के आसपास मंडराता रहा। वायुसेना के अधिकारी के अनुसार पक्षियों को रनवे से भगाने के लिए ही हेलीकॉप्टर का प्रयोग किया गया।इसके बावजूद एयरफोर्स की एक्सरसाइज में एयर स्ट्रिप पर एक कुत्ता आ गया।इस कुत्ते की वजह से एयरफोर्स की एक्सरसाइज में बाधा पड़ी किन्तु

एयरफोर्स कर्मियों ने कड़ी मशक्कत से एयर स्ट्रिप से उसे निकाला।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरोग्य शिविर का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगवंत नगर में आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की बीमारियों के निजात हेतु मरीजों का इलाज कुशलता पूर्वक किया गया। शिविर के दौरान बुखार, दस्त,सर्दी-खांसी,चर्म रोग,शुगर जाँच, ब्लड प्रेशर,पीलिया जैसी बीमारियों का इलाज किया गया। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ राजकिशोर, फार्मासिस्ट योगेंद्र कुमार सिंह, वार्ड बॉय जफरुल्ल हसन,महिला चिकित्सक ज्योति सिंह,अशोक सहित अन्य स्टाफ और मरीज उपस्थित रहे।

# सूचनाओं को अदान प्रदान करते रहे पायलट

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। एयर फोर्स के तकनीकी अधिकारियों द्वारा हवाई पट्टी के उत्तरी छोर संडीला मार्ग अंडरपास के निकट एयर डिफेंस सिस्टम के जरिए पायलटों से फाइटर एयर क्राफ्ट की लोकेशन, टच डाउन और उड़ान के संदर्भ में पल-पल की सूचनाओं का आदान-प्रदान करते रहे। खास बात तो यह है कि आज के फाइटर जेट अभ्यास में उन्नाव और लखनऊ दोनों जिलों की सीमा पर स्थित मेमौरा एयरफोर्स स्टेशन ने अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वायुसेना अधिकारियों के अनुसार आज एयर स्ट्रिप पर स्थापित एयर डिफेंस सिस्टम का डिस्प्ले इसी मेमौरा एयरफोर्स स्टेशन के राडार से संबद्ध किया गया है। एयर डिफेंस सिस्टम के बगल में ही एंटी एयरक्राफ्ट मिसाइल गन भी मुस्तैद रही और इस ताकतवर मिसाइल गन तैनात एयरफोर्स के जवान चौकन्ना होकर दुश्मन के लड़ाकू विमानों की टोह लेते रहे। यहां तक कि भारतीय एयरक्राफ्ट के पायलटों से भी ₹ काल साइन₹ नंबर पूछकर उन्हें इंट्री की अनुमति देते रहे। अधिकारियों के अनुसार उनके पास पहले से ही मौजूद काल साइन नंबर ट्रेस न होने की स्थिति में यह समझने में देर नहीं लगती हैं कि हवाई पट्टी की तरफ करीब डेढ़ हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आर रहा फाइटर जेट किसी दुश्मन देश का हो सकता है। ऐसी स्थिति में फोर्स के जवान दुश्मन के जहाज को ध्वस्त करने के लिए मिसाइल गन का ट्रिगर दबा देते हैं।एयरफोर्स के अधिकारियों ने बताया कि यदि युद्ध के दौरान देश के अंबाला, भुज, पठानकोट, बीकानेर व सूरतगढ़ आदि फारवर्ड बेस के रनवे क्षतिग्रस्त हो जाएं तो उन्हें वहां के एयरक्राफ्टों को इस एयर स्ट्रिप पर लैंडिंग कराई जा सके। इसलिए समय-समय पर यहां रिहर्सल होते रहेंगे। जिससे हवाई पट्टी की मरम्मत और रखरखाव तथा सफाई होती रहे।बांगरमऊ।एयरफोर्स द्वारा लड़ाकू विमानों के अभ्यास के मद्देनजर बीते 02 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी को कब्जे में लेकर उड़ान वर्जित क्षेत्र घोषित कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि इस अवधि के दौरान इस एयर स्ट्रिप के 20 किलोमीटर की एरिया में कोई भी प्राइवेट अथवा सरकारी हवाई जहाज फटक नहीं सकता है।

# पति-पत्नी के 25 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं प्रेमचन्द्र अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन उ एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 09, परिवार परामर्श केन्द्र से 04, थाना सोहरामऊ से 03, थाना गंगाघाट, थाना हसनगंज, थाना औरास से 02-02, थाना कोतवाली सदर, थाना बांगरमऊ व रिपोर्टिंग पुलिस चौकी महिला थाना बीघापुर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा0 मनीष सिंह सेंगर, डा0 शशि रंजना अग्निहोत्री, डा0 एस.के. पाण्डेय, प्रभा यादव, अबसार अली व डा0 सगीर अहमद एवं सहयोगी शिवेन्द्र सिंह व पुलिस टीम से प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, थानाध्यक्ष महिला थाना अर्चना, उप निरीक्षक भागीरथी, मिथिलेश कुमारी, मीनू सोलंकी, प्रीती, शिखा यादव, दुर्गेश, चिंतन, रूबी, गिरजा, श्वेता, पारुल, अल्का यादव, लक्ष्मी वर्मा, पूजा शर्मा, लक्ष्मी सिंह का विशेष योगदान रहा।

# समाधान एक विकल्प संस्था के तत्वाधान में ब्लड डोनेशन कैंप का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के एक निजी हॉस्पिटल में समाधान एक विकल्प संस्था के माध्यम से स्वैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए डाक्टर आशीष नायक ने बताया कि लोगों में रक्तदान को लेकर बहुत सी भ्रांतियां है उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से अमेरिकन जर्नल ऑफ एपिडेमि योलाजी द्वारा प्रकाशित एक स्टडी अनुसार एक बार रक्तदान करने से 88 प्रतिशत हार्ट अटैक की संभावना कम हो जाती है। रिसर्च में यह भी देखा गया है कि नियमित रूप से। रक्तदान करने वाले व्यक्ति में डिप्रेशन, एंग्जाइटी और अकेलेपन जैसी समस्याओं की संभावना बहुत कम हो जाती है। संस्था के ट्रस्टी अभिषेक सिंह ने बताया कि संस्था के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर,कंबल वितरण, नेत्र शिविर जैसे आदि शिविरो का आयोजन समय समय होता रहता है।संस्था का उद्देश्य गरीब असहाय लोगों की मदद करना है।संस्था के अध्यक्ष उमेश सिंह सचिव कमलजीत कोषाध्यक्ष अनुज सिंह ने शिविर में आए रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। रक्तदाताओं में वत्सल, पूनम, शिखर,शिवम,अभय, प्रशांत, अम्बुज,आशीष सिंह,अंकिता गौड़ सहित शिविर में कुल 35 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया।संस्था द्वारा रक्तदाताओं को प्रोत्साहन रूप में हेलमेट भी दिए गए।

# रोजा इफ्तार के बाद मगरिब की अदा की नमाज

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। रमजान उल मुबारक के महीने के अंतिम दिनों में नगर सहित ग्रामीण अंचलों में लगातार रोजा इफ्तार पार्टियों का सिलसिला जारी है। नगर के लखनऊ रोड पर स्थित खैरुल बशर एजुकेशन सेंटर की ओर से के०बी० मेडिकल हाल में रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोजा इफ्तार पार्टी के आयोजक प्रमुख समाजसेवी व विद्वान रईस खां सभी आमंत्रित रोजेदारों का खैरमकदम करते हुए कहा कि रोजा इफ्तार पार्टी के आयोजन से आपसी प्रेम व सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि हमें रोजे रखने के साथ ही जितना हो सके नेक आमाल करना चाहिए और ईद के पहले अपने पड़ोसियों, असहायों व गरीबों से मिलकर उनकी खूब मदद करनी चाहिए ताकि उनकी ईद भी अच्छी तरह से हो सके। रोजा इफ्तार के बाद मगरिब की नमाज भी सामूहिक रूप से अदा की गई। जिसमें सभी ने मुल्क की तरक्की व भाईचारे के साथ ही अमन चैन कायम रखने की खुदा से दुआ भी मांगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक बदलू खां, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी इजहार खां ₹गुड्डू₹, आजाद खां, सैयद रिजवान अहमद, डॉक्टर इरफान, डॉक्टर अनीस अहमद, मजीद खां, शहंशाह खां, आफाक खां, डॉक्टर मुदस्सिर जावेद, डॉक्टर बेनजीर, समाजसेवी फजलुर्रहमान, हामिद अली, जमीर खां, कलीम खां, फरीद अहमद, बशर आदि मौजूद रहे।

# रोजा इफ्तार का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। खानकाहे सफविया सफीपुर शरीफ में हजरत अफजाल मिया साहब के यहां आज रोजा इफ्तार का प्रोग्राम हुआ जिसमें नगर और क्षेत्र के हजारों लोगों ने शिरकत की। नगर पालिका परिषद बांगरमऊ के पूर्व अध्यक्ष इजहार खां, गुड्डू, शुजाउर्रहमान उर्फ शुजा मियां, फरहान मियां जिला पंचायत सदस्य, रईस खान उर्फ पप्पू सैता, पुत्तुल मियां, पप्पू मियां, नगर पंचायत सफीपुर के पूर्व अध्यक्ष अख्तर खां, अरशद उर्फ घुररी सभासद, कल्लू कुरैशी सभासद, भय्यू कुरैशी सभासद, सय्यद गयासुद्दीन उर्फ गौसी मियां, मौलाना मोहम्मद हसन वह समाजसेवी फजलुर्रहमान सहित हजारों लोगों ने शिरकत की।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग, हजारों की गृहस्थी जलकर राख

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में एक घर में अचानक लगी आग से घर की गृहस्थी जल गई। ग्रामीणों की कड़ी में मसक्कत के तहत आग पर काबू पाया गया, आग बुझाने के आधा घंटा बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनापुर गांव निवासी रामकृष्ण के घर मे अज्ञात कारणों से अचानक करीब दोपहर ढाई बजे आग लग गयी। आसपास के लोगों एवं गांव के लोगों ने निजी संसाधनों की बदौलत कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के करीब आधा घंटा बाद पहुची दमकल की गाड़ी। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक अनाज,बाइक,छप्पर,कपड़े, गृहस्थी का सामान समेत करीब ढाई लाख का नुकसान हो गया। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल आशीष कुमार ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जायेगी।

# पाल विकास शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति की मासिक बैठक

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। भगवन्त नगर विधानसभा के सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के ग्राम रानीगंज में संगठन मंत्री रामपाल के आवास पर संपन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से पाल महासभा को मजबूत करने वह पाल भवन बनवाने तथा वर्तमान समय की राजनीति पर चर्चा हुई बैठक की अध्यक्षता पूर्व शिक्षक महावीर पाल जी ने कि व संचालन संतोष पाल ने किया मुख्य रूप से महासभा के जिला अध्यक्ष रामनारायण समिति के अध्यक्ष एडवोकेट रामकिशोर पाल, प्रबंधक रामसजीवन पाल, महासभा के जिला उपाध्यक्ष सर्वेश पाल, रामशंकर पाल बाबू खेड़ा, पुष्पराज पाल, जिला उपाध्यक्ष दिलीप पाल सीकरी, भोलानाथ शिवदीन खेड़ा, राजाराम पाल मगरायर, भगवती पाल सिकंदरपुर, रामनारायण पाल गयादीन खेड़ा, संतु पाल बहुराज मऊ, रामनरेश पाल पी डी नगर, रामानंदन पाल पी डी नगर, प्रेम शंकर पूर्व शिक्षक पी डी नगर, मंसाराम पूर्व एस आई, विजय कुमार पी डी नगर, प्रमोद पाल शिक्षक गदन खेड़ा, रमेश पाल शिक्षक इंदिरा नगर, अंकित पाल पचोड़,डा तीर्थराज पाल पाल आइसक्रीम लोहचा, रवि शंकर पाल मन्ना खेड़ा, गया प्रसाद बल्लू खेड़ा के साथ ही समाज के सैकड़ो लोग शामिल रहे।

## सम्पादकीय

# सैन्य क्षमता में वृद्धि करते रहना आवश्यक

भारत आर्थिक रूप से जितना अधिक मजबूत होगा, उसकी सामरिक चुनौतियां उतनी ही बढ़ेंगी। महान कूटनीतिज्ञ चाणक्य के शब्दों में किसी भी प्रकार के आक्रमण से अपनी जनता की रक्षा करना प्रत्येक राजसत्ता का सर्वप्रथम उद्देश्य होता है। चाणक्य ने अर्थशास्त्र में लिखा है कि एक संप्रभु सक्षम राष्ट्र को चार अलग-अलग तरह के खतरों का सामना करना पड़ता है। आंतरिक, बाह्य, बाह्य रूप से सहायता प्राप्त आंतरिक और आंतरिक रूप से सहायता प्राप्त बाहरी। संयोग से इस वक्त भारत इन चारों तरह के मिश्रित खतरों का सामना कर रहा है। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-प्राइम' के सफल परीक्षण से भारत की सैन्य शक्ति में और वृद्धि हुई है। भारत को चीन और पाकिस्तान सीमा पर अधिक खतरा है, पाकिस्तान से 2016 से और चीन से 2020 से रिश्ते सबसे खराब के स्तर पर हैं। चीन की लगातार कोशिश है कि भारतीय सीमा एलएसी पर विवाद बना रहे। एलएसी पर चीनी कारस्तानियां चलती रहती हैं, चीनी फौज सुनियोजित साजिश के तहत भारतीय सीमा पर षड्यंत्र करती रहती है, इससे दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव बना रहता है। पाकिस्तान एलओसी पर कश्मीर में आतंकी घुसपैठ कराने के मकसद से सीजफायर का उल्लंघन करता रहा है। चीन और पाकिस्तान का एकमेव कृत्य है, सीमा पर भारत को परेशान करते रहना। चीन नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, म्यांमार आदि भारत के पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक व सामरिक संबंध मजबूत कर भी भारत के लिए सैन्य मुश्किल खड़ी करता है। इसके अलावा भी कई अदृश्य शक्तियां हैं, जो भारत की आस्तीन में रहकर भारत के खिलाफ एक्शन में लिप्त रहती हैं। ऐसे में भारत की सामरिक चुनौतियां बड़ी हैं। इस चुनौतियों का सामने करने के लिए भारत को सामरिक रूप से निरंतर मजबूत बनना पड़ेगा। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-प्राइम' जैसी मिसाइल भारत की सैन्यशक्ति में इजाफा करती है। पिछले महीने, भारत ने अपने 'मिशन दिव्यास्त्र' के तहत मल्टीपल इंडिपेंडेंट टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) के साथ देश में विकसित अग्नि-पांच मिसाइल का पहला सफल परीक्षण किया था। एमआईआरवी सुविधा यह सुनिश्चित करती है कि एक ही मिसाइल विभिन्न स्थानों पर विभिन्न लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। अग्नि-पांच मिसाइल की मारक क्षमता 5,000 किमी तक है। मिसाइल की जद चीन के उत्तरी भाग समेत लगभग पूरे एशिया और साथ ही यूरोप के कुछ क्षेत्रों तक है। अग्नि-1 से अग्नि-4 श्रेणी की मिसाइलों की मारक क्षमता 700 किमी से 3,500 किमी तक है और इन्हें पहले ही तैनात किया जा चुका है। पिछले साल जून में भारत ने 'अग्नि प्राइम' का रात के दौरान सफल परीक्षण किया था। भारत पृथ्वी की वायुमंडलीय सीमा के अंदर और बाहर किसी शत्रु की तरफ से आने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने की क्षमता विकसित कर रहा है। भारत मिसाइल, फाइटर प्लेन समेत सभी प्रकार के स्वदेशी सैन्य उपकरण से लैस हो रहा है, साथ ही अनेक आयातित डिफेंस सिस्टम से सेना मजबूत हो रही है। भारतीय सेना परंपरागत वार के अलावा हाईटेक वार में भी दक्ष है, आज भारत विश्व की चौथी बड़ी सैन्य शक्ति है। सामरिक चुनौतियों का सामना करने के लिए खुफिया तंत्र की मजबूती, सैन्य शक्ति व युद्ध नीति का आधुनिकीकरण, उन्नत अस्त्र-शस्त्र के साथ सीमा क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है।

## सारा संसार



मैसूर महल का निर्माण 14वीं सदी में वाडयार राजाओं ने करवाया था, जबकि इसका डिजाइन प्रसिद्ध ब्रिटिश वास्तुकार हेनरी इरविन ने तैयार किया था। यह वाडियार महाराजाओं का निवास स्थान हुआ करता था। मैसूर पैलेस दविड़, पूर्वी और रोमन कला का अद्भुत संगम है। सलेटी पत्थरों से बना यह महल गुलाबी रंग के पत्थरों के गुंबदों से सजा है।



विडंबना
डॉ. अश्विनी महाजन

# उत्तर-दक्षिण विभाजन की झूठी कहानी

> लंदन से प्रकाशित पक पत्रिका में लेख के जरिये उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन की नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश की है। पत्रिका यह दावा करने की कोशिश करती है कि दक्षिण भारतीय राज्य आर्थिक दृष्टि से शेष भारत से अलग हैं, क्योंकि भारत की केवल 20 प्रतिशत आबादी पांच दक्षिणी राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में रहती है, लेकिन इन राज्यों को कुल विदेशी निवेश का 35 प्रतिशत प्राप्त होता है। इन राज्यों ने देश के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक विकास किया है और जहां 1993 में ये राज्य देश की जीडीपी का 24 प्रतिशत उत्पन्न करते थे, वहीं अब यह बढ़कर 31 प्रतिशत हो गया है।

हाल ही में लंदन से प्रकाशित 'द इकोनॉमिस्ट' नाम की एक पत्रिका ने एक बेहद शरारती लेख के जरिये उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन की नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश की है। पत्रिका यह दावा करने की कोशिश करती है कि दक्षिण भारतीय राज्य आर्थिक दृष्टि से शेष भारत से अलग हैं, क्योंकि भारत की केवल 20 प्रतिशत आबादी पांच दक्षिणी राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में रहती है, लेकिन इन राज्यों को कुल विदेशी निवेश का 35 प्रतिशत प्राप्त होता है। इन राज्यों ने देश के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक विकास किया है और जहां 1993 में ये राज्य देश की जीडीपी का 24 प्रतिशत उत्पन्न करते थे, वहीं अब यह बढ़कर 31 प्रतिशत हो गया है। 46 प्रतिशत टेक यूनिकॉर्न दक्षिण भारत से हैं और भारत का 46 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात इन्हीं पांच दक्षिणी राज्यों से होता है। इतना ही नहीं, पत्रिका लिखती है कि 66 फीसदी आईटी सेवाओं का निर्यात भी दक्षिणी राज्यों से होता है।

कुछ एजेंडाधर्मी लोगों को छोड़ सारा विश्व जानता है कि उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक भारत एक है। यह सच है कि भारत में अलग-अलग क्षेत्रों पर अलग-अलग समय में अलग-अलग शासकों का शासन था, लेकिन पूरे भारत में रहने वाले सभी लोगों के बीच एक अटूट संबंध बना रहा, लेकिन अफसोस की बात है कि विदेशी शासन के दौरान ब्रिटिश सरकार द्वारा ऐसा साहित्य रचा गया और जानबूझकर इतिहास लेखन के माध्यम से झूठी कहानियां गढ़ी गईं, जिससे दक्षिण भारत के लोगों के मन में उत्तर भारत के लोगों के खिलाफ जहर भर गया। झूठा इतिहास रचा गया कि, आर्य विदेशों से आए थे और उनके क्रूर आक्रमण से द्रविड़ लोग आहत होकर दक्षिण की ओर जाने को मजबूर हुए। ऐसी स्थिति में हिंदी भाषा के प्रति शत्रुता को दक्षिणी राज्यों में, तमिलनाडु में और भी अधिक तीव्रता से बढ़ावा दिया गया। कहा जाता है कि इस झूठी कहानी की शुरूआत एक जर्मन प्राच्यविद् और भाषाशास्त्री ने की थी। आज प्रचुर मात्रा में वैज्ञानिक प्रमाण मौजूद हैं जो साबित करते हैं कि आर्य आक्रमण सिद्धांत पूरी तरह से एक मिथक, मनगढ़ंत और काल्पनिक है। भारत, अमेरिका और अन्य देशों के शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में प्रकाशित शोध पत्रों के अनुसार, हड़प्पा काल के वैज्ञानिक तथ्यों के साक्ष्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि मध्य एशिया से आर्यों का इतने बड़े पैमाने पर प्रवास कभी नहीं हुआ। इसके अलावा कई इतिहासकारों ने भी इस झूठी कहानी को उजागर करने का काम किया है। उसके बावजूद भारत में हो रहे तेजी से विकास से ईर्ष्या करने वाले पश्चिमी दुनिया के देशों द्वारा यह एजेंडा लगातार चलाया जा रहा है। दक्षिण में हुए विकास के आंकड़ों का सहारा लेकर, पत्रिका ने शरारतपूर्ण तरीके से इस मुद्दे को राजनीति से जोड़ा और कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पास दक्षिणी राज्यों में मजबूत आधार नहीं है। पत्रिका का यह भी तर्क है कि इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान सरकार के पास पूरे देश का जनादेश नहीं है। गौरतलब है कि जिस देश (ब्रिटेन) में इकोनॉमिस्ट पत्रिका प्रकाशित होती है, वहां अब तक किसी भी प्रधानमंत्री को चुनाव में पूरे देश से समान जनादेश नहीं मिला है। क्या इसका मतलब यह है कि प्रधानमंत्री के पास पूरे देश का जनादेश नहीं है? दुनिया भर के लोकतंत्र के इतिहास में ऐसे बहुत कम उदाहरण हैं जब सभी क्षेत्रों से समान रूप से बहुमत वोट प्राप्त करके सरकार बनाई गई हो। इसी तरह दक्षिण भारत के कुछ नेता भी इसी प्रकार के तर्क देकर अपनी अलगाववादी राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। हम जानते हैं कि देश में कुछ भ्रष्ट नेताओं के कारण कई राज्यों का विकास बाधित हुआ, जिनमें दक्षिणी राज्य भी शामिल थे। पूर्वोत्तर के कई राज्य पूर्ववर्ती केंद्र सरकार की उपेक्षा के शिकार रहे हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर जैसे कई राज्यों को उनकी जनसंख्या के अनुपात से कहीं अधिक संसाधन मिलते रहे। जहां तक विकास का सवाल है, देश में सबसे ज्यादा प्रति व्यक्ति आय वाले दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से केवल दो दक्षिण से हैं और वह भी पांचवें और छठे स्थान पर हैं और वह भी आईटी सेक्टर के कारण, जहां भारत के सभी हिस्सों से आने वाले लोग काम कर रहे हैं।

जहां हमारे देश में खाद्यान्न उपलब्ध कराने में उत्तरी राज्यों का महत्वपूर्ण योगदान है, उसी प्रकार औद्योगिक उत्पादन, विशेषकर इलेक्ट्रिक और आईटी उत्पाद उपलब्ध कराने में दक्षिणी राज्यों के योगदान को कम नहीं आंका जा सकता। राजनीतिक उद्देश्यों वाले लोगों ने अब दक्षिणी राज्यों को कर धन के हस्तांतरण में भेदभाव का मुद्दा उठाकर उत्तर-दक्षिण विभाजन को एक और आयाम दे दिया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सहित कर्नाटक कांग्रेस के नेताओं ने यह कहते हुए विरोध प्रदर्शन किया कि दक्षिणी राज्यों को केंद्रीय करों से उनके वैध हिस्से से वंचित किया गया है। उल्लेखनीय है कि कर हिस्सेदारी वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर तय की जाती है। 15वें वित्त आयोग की कार्यवाही के दौरान इन राज्यों ने केंद्र सरकार के समक्ष संदर्भ की शर्तों के बारे में अपनी शिकायत व्यक्त की, जिसके अनुसार वित्त आयोग को पिछले आयोग द्वारा उपयोग की जाने वाली जनसंख्या को 1971 के बजाय 2011 की जनगणना के अनुसार उपयोग करने का निर्देश दिया गया था। उनका आरोप था कि यह दक्षिणी राज्यों के ख़िलाफ़ जाएगा, क्योंकि उन्होंने अपनी जनसंख्या को कई अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर तरीके से नियंत्रित किया है। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, 15वें वित्त आयोग ने जनसांख्यिकीय प्रदर्शन यानि जनसंख्या नियंत्रण को भी महत्व दिया।

इसके अलावा, केंद्रीय करों के कुल हस्तांतरण में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल की हिस्सेदारी पिछले वित्त आयोग की तुलना में 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों में कमोबेश वही रही। हालांकि, कर्नाटक की हिस्सेदारी 4.71 प्रतिशत से घटकर 3.64 प्रतिशत हो गई। केरल का हिस्सा इस अवधि में में 2.5 प्रतिशत से घटकर 1.92 प्रतिशत हो गया, लेकिन केंद्रीय राजस्व में हिस्सेदारी के अलावा, इन राज्यों को महत्वपूर्ण राजस्व घाटा अनुदान भी दिया गया। आंध्र प्रदेश के मामले में यह 2021-22 से 2023-24 के लिए 30,497 करोड़ रुपये और कर्नाटक के लिए 2021-22 के लिए 1,631 करोड़ रुपये बैठता है। केरल के लिए, यह 2021-22 से 2023-24 के लिए 37,814 करोड़ रुपये और तमिलनाडु के लिए 2021-22 के लिए 2,204 करोड़ रुपये था, इसलिए आंकड़े किसी भी तरह से वित्त आयोग के कथित पूर्वाग्रह को साबित नहीं करते। हमें यह समझना चाहिए कि राष्ट्रीय एकता और क्षेत्रीय सद्भाव के मुद्दों पर, हमें अलगाववादी बयानों से बचना चाहिए, क्योंकि यह हमारे राष्ट्र की राष्ट्रीय एकता और जान कल्याण पर काफी हद तक प्रभाव डाल सकता है। अलगाववादी आवाजों पर अंकुश लगाने की जरूरत है और अलगाववादी एजेंडे में शामिल अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और मीडिया से भी सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

## तन, मन, धन सब निरंकार, नहीं करना चाहिए अहंकार



संकलित
दर्शन

सद्गुरु ने ब्रह्मज्ञान प्रदान करने से पहले पांच प्रण लिए हैं। पहला प्रण है तन, मन, धन का अहंकार नहीं करना, इसे निरंकार का ही समझना है। इस प्रण को मानने से अहंकार नहीं आएगा और न ही हम में जलन-द्वेष का भाव आएगा। दूसरे प्रण में कहा कि जाति-पाति, वर्ण, आश्रम आदि का अभिमान नहीं करना। इससे भी जलन, द्वेष का भाव मनुष्य में नहीं आएगा। काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय के कारण शरीर में जो विकृतियां पैदा होती हैं और कभी-कभी जो रोग पैदा होते हैं, सभी विकार भी दूर रहेंगे। ये सभी हमारे जीवन में आनंद में रुकावट का कारण बनते हैं। कभी-कभी अकेले में निरंकार प्रभु को अपने साथ समझते हुए निरंकार प्रभु के चरणों में हाथ जोड़कर सुमरिन करें और प्रार्थना करें, हे निरंकार प्रभु अंतर्यामी, कृपा करें। मेरे सभी अवगुणों को बख्श दें और दया करें कि मेरे अंदर बुरे विचार न आएं। केवल अच्छे विचार आएं। इस शरीर से अच्छे-अच्छे कर्म हों। मेरे मुख से मधुर वाणी ही निकले। ये शरीर तेरे संतों की संगत में दौड़-दौड़ कर जाए। आप मेरे को शक्ति दें ताकि मैं संतों की बढ़-चढक़र सेवा कर पाऊं और अंतिम श्वास तक तेरे चरणों से जुड़ा रहूं। एक प्रेरणा युक्त संत के जीवन की घटना है। महान दार्शनिक और तत्त्ववेत्ता सुकरात का चेहरा बहुत कुरूप था, फिर भी वे दर्पण में बहुत बार अपना चेहरा देखते रहते थे। जब-जब सुकरात दर्पण के सामने खड़े होकर अपना चेहरा देखते, उनके शिष्य हंसने लगते किंतु सुकरात को कुछ नहीं कह पाते।

## विनम्रता ही दर्शाती है मनुष्य की श्रेष्ठता व विद्वता



संकलित
प्रेरणा

सद्गुरु की शिक्षाओं के अनुरूप कार्य सुखदायी होता है। किसी मनुष्य की निंदा न करें। सबके भले में ही हमारा भला है, यही सोचें। संत महात्मा कहते हैं कि जिन व्यक्तियों का स्वभाव झगड़ालू है, क्रोधी है, मानने वाले नहीं हैं, उन पर आप क्रोध न करें। विनम्रता मनुष्य की श्रेष्ठता दर्शाती है। निरंकार प्रभु से उनका भला मांगें। जहां तक हो सके उनका भला करें। आप अपने मन पर बोझ न डालें और अपने आपको परेशान न करें। गुरसिख तो सद्गुरु के चरणों में अरदास ही करता है। क्योंकि सबका भला करने वाला निरंकार दातार है। हमारी हिम्मत नहीं कि किसी का भला कर पाएं। हमें अपने मन, बुद्धि को निरंकार प्रभु से जोडऩा है। बाकी जो प्रभु करेगा ठीक करेगा। हमें भूल कर भी किसी का बुरा नहीं मांगना है। विनम्रता से दूसरे को सुनने और अपनी बात सुनाने में आसानी होती है। बड़े ध्यान से बात सुनी व सुनाई जाती है। विनम्रता मनुष्य की श्रेष्ठता दर्शाती है। हां, कोई स्वार्थवश ऊपर से विनम्रता दिखाता है, तो वह अपने आपको धोखा देता है। इसलिए जीवन में विनम्रता अपनाना दिव्य गुण है। विनम्रता के बिन मनुष्य अभिमानी, क्रोधी लगता है। सद्विचार हैं तो मनुष्य विनम्र भी बनेगा। आप निरंतर अपने आपको निरंकार प्रभु के निकट ही अनुभव कीजिए। वो जितने आपके निकट हैं, उतने निकट तो आपके कोई भी नहीं है, यहां तक कि आपके अंग भी नहीं। आपके निकट है आपका हाथ, जहां जरूरत होती है, पहले हाथ पहुंचता है।

## रिपोर्ट
डॉ. मोनिका शर्मा



# खुशी मापने का दोहरा पैमाना

हाल ही में आई विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2024 में भारत को 126वें स्थान पर रखा गया है। जीवनयापन की बेहतरी और कमतरी मापने के जाने कौन से पैमाने रहे कि हमारे देश को इस सूची में युद्ध की विभीषिका झेल रहे देशों से भी पीछे स्थान दिया गय। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि सामुदायिक जीवन में उत्सवीय मेलजोल और आर्थिक मोर्चे पर आगे बढ़ने के कई मापदंडों पर रेखांकित करने योग्य उपलब्धियों के बावजूद इस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग कम कैसे है? सवाल यह भी है कि लंबे समय से अस्थिरता और आतंक का दंश झेल रहे देशों की खुशहाली किस आधार तय की गई है? ज्ञात हो कि भारतीय नागरिकों की खुशहाली को कम आंकने वाली इस सूची में युद्ध से जूझ रहे रूस और यूक्रेन की रैंकिंग काफी ऊंची है।सुखी देशों की रैंकिंग वाली इस सूची में रूस का 70वां और यूक्रेन का 92वां स्थान है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क द्वारा जारी वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 136 से 126 तक आने और सुधार होने की बात कही गई है, पर नेपाल, चीन, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से पीछे होना परेशान करने वाली बात है, जबकि हाल ही में महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और स्त्री सुरक्षा और स्थिति के लिए समर्पित मंच सीएसडब्लू के उद्घाटन सत्र में स्वयं संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने महिलाओं पर युद्धों से होने वाले असंगत प्रभाव की बात कही थी। अवसाद और तनाव के बढ़ते आंकड़ों के बीच पारिवारिक व्यवस्था मन को थामने का आधार बनी हुई है। बड़ी आबादी और विभिन्न समुदायों वाले भारतीय समाज में शिक्षा का स्तर बढ़ा है, पर सांस्कृतिक भाव कायम है। यही जुड़ाव तो इन्सानों के मन को खुशी देता है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि सामुदायिक जीवन से जुड़ाव बने रहने का मनुष्य के सुख से सीधा नाता है। ध्यातव्य है कि इस बार सूचकांक में विकसित और सुविधासंपन्न जीवनशैली वाला देश अमेरिका, शीर्ष 20 देशों में भी जगह नहीं बना सका। रिपोर्ट कहती है विकास पथ अग्रसर अमेरिकी समाज में बच्चे अकेलेपन का शिकार हैं। ध्यान इस ओर भी देना होगा कि इस सूची में शीर्ष स्थान पाने वाले फिनलैंड की आबादी ही बहुत कम है। 140 से अधिक देशों का मूल्यांकन करने वाली रिपोर्ट में सामाजिक सुरक्षा, आय, स्वतन्त्रता, उदारता, भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति और जीवनकाल जैसे बिन्दुओं पर देशों की खुशहाली का आकलन किया जाता है। मानव मन और जीवन की बेहतरी से जुड़े इन मानकों पर स्थितियों को आंकने वाली इस सूची में पाकिस्तान 108वें स्थान पर हैं।

## इफ्तार



अजमेर में गुरुवार को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह में रमजान के पवित्र महीने के दौरान मुसलमान इफ्तार में शामिल होते हैं।

## आज की पाती

### चुनाव के समय अभद्र भाषा का प्रयोग अशोभनीय

देश में आम चुनाव का मौसम है। राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन कुछ राजनेता अभद्र, बेतुकी बयानबाजी भी इस दौरान करते हैं। हाल ही में कंगना रनौत और ममता बनर्जी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग हुआ, वो मामला सुर्खियों में है। हिमाचल प्रदेश में सुप्रिया श्रीनेत, जो कि कांग्रेस से संबंधित हैं, द्वारा कंगना रनौत पर जो भद्दी टिप्पणी का मामला सामने आया है, उसके लिए सुप्रिया श्रीनेत ने स्पष्ट किया है कि यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं कि गई है।

-राजेश कुमार चौहान, रायपुर

## करंट अफेयर

### 'ताइवान के मुद्दे पर अमेरिका न लांघे अपनी सीमा'



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन से फोन पर बात की थी, जो पिछले नंबर में सैन फ्रांसिस्को में उनके ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। बाइडन को बातचीत के दौरान जिनपिंग ने कहा कि ताइवान पहली लाल रेखा है, जिसे अमेरिका द्वारा पार नहीं किया जाना चाहिए, साथ ही टो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि चीन हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेगा। हालांकि व्हाइट हाउस ने 1 घंटे 45 मिनट की बातचीत को कई मुद्दों पर स्पष्ट और रचनात्मक बताया है। जारी बयान के मुताबिक, बाइडन ने ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

## ऑफ बीट

### सूर्य ग्रहण में दान करें इनमें से कोई भी एक चीज



साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल को लगने जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य ग्रहण को बेहद महत्वपूर्ण घटना माना जाता है। सूर्य ग्रहण के प्रभाव से कई तरह के परिवर्तन देश-दुनिया में देखने को मिल सकते हैं। साथ ही इस दिन आप भी कुछ चीजों का दान करके और कुछ आसान उपाय करके अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। गेहूं: सूर्य ग्रहण के दिन गेहूं का दान करने से करियर से जुड़ी समस्याओं का अंत होता है। करियर में आ रही सभी रुकावटों को दूर करने के लिए आप ये उपाय आजमा सकते हैं। चना: अगर घर में सुख-समृद्धि की कामना करते हैं तो सूर्य ग्रहण पर चना दान करना चाहिए

## ट्रेंड

### कांग्रेस ने अपमान किया



एक तरफ विकास के पथ पर बिहार को तेजी से आगे ले जाने में जुटी एनडीए सरकार है, तो दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो राज्य को लालटेन युग में ही रखना चाहते हैं। कांग्रेस और आरजेडी ने बिहार और बिहारी गौरव का हमेशा अपमान किया है। इसके एक नहीं, अनेक उदाहरण हैं(

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बेरोज़गारी सबसे बड़ी समस्या



आगे कोई पूछे कि इस समय इस देश के सामने सबसे बड़ी क्या समस्या है, तो बिना झिझके बोलना होगा बेरोज़गारी। बेरोज़गारी सबसे भयावह समस्या है और अब सिर्फ़ सिंपल ग्रेजुएट ही नहीं, आईआईटी जैसे संस्थान भी बेरोज़गारी से अछूते नहीं।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### मेरी पीढ़ी को फायदा



नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले उदारीकरण कार्यक्रमों से मेरी पीढ़ी को अत्यधिक लाभ हुआ। उन लाभों ने आत्मविश्वास के स्तर को बदल दिया और इस प्रतिभाशाली, आत्मविश्वास से भरी युवा पीढ़ी को जन्म दिया जो भारत को उस चीज़ से आगे ले जा रही है।

-हर्षा भोगले, क्रिकेट एक्सपर्ट

### मोदी के भारत में विकास



पीएम मोदी के भारत में ये हो रहा है- 2014 के बाद से शेयर बाजार का बाजार तीन गुना बढ़ गया है। अर्थव्यवस्था का आकार दोगुना हो गया है। शेयरों में निवेश करने वालों की संख्या 2% से बढ़कर 5% हो गई है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## संक्षेप

### अमरोहा में नहर में डूबे युवक का मिला शव

**एक दिन पहले तीन दोस्तों के साथ नहाने गया था**

अमरोहा, अमरोहा के नौगांवा सादात इलाके में गुरुवार को राम गंगा पोषक नहर में डूबे युवक का शव शुक्रवार नहर से बरामद हुआ। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। परिजनों के मुताबिक युवक अपने तीन दोस्तों के साथ गांव के पास से गुजर रही नहर में नहाने गया था। उसके डूबने के बाद से उसके दोस्त फरार हैं। उधर पुलिस को मामले की जानकारी नहीं दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक नौगांवा सादात इलाके के गांव नौगांवा तगा निवासी 18 वर्षीय युवक आरिफ एक दिन पहले अपने गांव निवासी तीन दोस्तों के साथ गांव के पास से गुजर रही राम गंगा पोषक नहर में नहाने गया था। नहाते वक्त वह डूब गया। आरोप है कि घटना के बाद उसके दोस्त गांव आ गए लेकिन किसी को घटना के बारे में नहीं बताया। शाम तक जब युवक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई। जिसके बाद परिजन युवक के दोस्तों के पास पहुंचे। तब पता चला कि युवक नहर में डूब गया है। जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। जहां युवक के नहर के पास चप्पल पड़े मिले। साथ ही परिजनों ने नहर में युवक की तलाश की तो नहर से युवक का शव बरामद हो गया। जिसके बाद परिजन शव को अपने घर ले आए। उधर मामले की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है।

### दहेज न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

**बाइक व दो लाख नगदी की मांग पूरी न करने की मारपीट, एसपी के आदेश पर पति सहित ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज**

बिलासपुर, बिलासपुर में दहेज में अपाचे बाइक व दो लाख नगदी की मांग पूरी न करने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया ।एसपी के आदेश पर पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पति सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के टेमरा गांव का है ।अपने मायके में रह रही विवाहिता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि उसका विवाह वर्ष 2023 की 22 मई को गांव निवासी सुंदर सिंह से सिख रीति-रिवाज से हुआ था ।उसका कहना है कि विवाह के समय उसके पिता ने हैसियत से बढ़कर उसे दान-दहेज दिया परन्तु उसके ससुराली इससे खुश नही थें और दहेज में अपाचे बाइक व दो लाख नगदी की मांग को लेकर आए दिन उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज कर प्रताड़ित कर रहे थे ।इसके अलावा उसका ससुर उस पर बुरी नजर रखता था ।उसका आरोप है कि जुलाई माह में उसकी अचानक तबीयत खराब होने पर उसके ससुरालियों ने उसे करंट लगाकर मारने का षड्यंत्र रचा इस पर उसने समय रहते अपने भाई को बुला लिया इसके बाद पंचायत हुई जिसमें उक्त लोगों ने गलती दोबारा नही करने पर वह दोबारा ससुराल चली गई

# रामोत्सव कार्यक्रम को लेकर विहिप ने ककरहा में आयोजित की बैठक

**खंड अध्यक्ष रवि जायसवाल के आवास पर आयोजित हुई बैठक**

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। रामोत्सव कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जुट गया है। जगह-जगह बैठकों का आयोजन कर रामोत्सव कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। रामोत्सव कार्यक्रम 19 अप्रैल को श्री राम जानकी मंदिर मिहींपुरवा में आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की एक बैठक प्रखंड मिहींपुरवा के खंड गोपिया के ग्राम पंचायत ककरहा में खंड अध्यक्ष रवि जायसवाल के नेतृत्व में उनके आवास पर आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह रहे। संदीप सिंह ने कहा कि राम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन भव्य तरीके से हो इसके लिए जगह-जगह बैठकों का आयोजन किया जा रहा है सभी जनमानस से रामोत्सव के सफल आयोजन के लिए जनसंपर्क किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष मिहींपुरवा दिलीप मोदनवाल उर्फ बल्ले भैया, प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक यादव ,प्रखंड मंत्री संतोष कुमार वर्मा, खंड अध्यक्ष रवि जायसवाल, तथा विहिप बजरंगदल के कार्यकर्ता अरविंद पासवान, नंदकिशोर राजपूत, अमन पासवान, मिथुन पाल, राहुल पासवान, अमरजीत, रामबाबू, रामकरन, इंद्रजीत, बृज कुमार राजपूत शामिल रहे।

# जनपद में लोकसभा वॉलिंटियर्स सम्मेलन हुआ संपन्न

**पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय का केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने माल्यार्पण कर किया भव्य स्वागत**

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला




फतेहपुर ,जनपद के ओम गार्डन में सोशल मीडिया लोकसभा वॉलिंटियर्स सम्मेलन आयोजित किया गया आयोजन में पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता प्रकाश पाल केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति तथा जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में मौजूद जनपद की जहानाबाद विधानसभा के विधायक राजेंद्र पटेल अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा समेत सभी वरिष्ठ पदाधिकारीओ ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले नव आगंतुक पदाधिकारी आदित्य पाण्डेय का भव्य स्वागत किया सदस्यता ग्रहण कर पहुंचे पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय का सर्वप्रथम छिवली नदी में समर्थकों ने भव्य स्वागत किया फूल मालाओं से आच्छादित होकर आदित्य पाण्डेय सोशल मीडिया लोकसभा वॉलिंटियर्स सम्मेलन पहुंचे जहां केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने स्वयं माल्यार्पण कर पूर्व विधायक का जोर शोर से स्वागत किया कार्यक्रम अंतर्गत आगामी लोकसभा चुनाव में 400 सीटों से अधिक मे विजय हासिल करने के लिए रणनीति बनाई गई वही सभी गणमान्यों ने अपने-अपने वक्तव्य प्रस्तुत किया इस मौके पर संपूर्ण जनपद के भारतीय जनता पार्टी समर्थक कार्यकर्ता गणों ने शिरकत प्रदान करते हुए पार्टी के नए सदस्य को हार्दिक शुभकामनाएं दी

# फोर्स ठहराव हेतु चिन्हित स्थलों का अपर पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। आगामी लोकसभा चुनाव -2024 के दृष्टिगत जनपद बहराइच में चुनाव को सकुशल संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक बहराइच श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा द्वारा सीएपीएफ, सिविल पुलिस, पीएसी बल, होमगार्ड के ठहरने हेतु थाना रानीपुर 05 व थाना हुजूरपुर के 03 चिन्हित विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा विद्यालयों में पानी, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस बल के ठहरने हेतु चिन्हित विद्यालयों में यथा पेयजल, बिजली, जनरेटर सम्बंधी जो कमियां पाई गई उसके सम्बंध में विद्यालय के व्यवस्थापक व सम्बंधित प्रभारी निरीक्षक को समय रहते पूर्ण किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

### जंगल की भूमि पर बिना सम्बंधित विभाग के अनुमति सड़क बना रही यूनाइटेड मेगा मूवर्स का कार्य रुका

अनपरा सोनभद्र। पिपरी वन क्षेत्र अंतर्गत वेलवादाह एवं कुलडोमरी ग्राम पंचायत में नियमों को दरकिनार कर वन विभाग ,राजस्व एवं खनन विभाग के विना एनओसी के कुछ कस्तकारो से सांठ-गांठ बैठकर 10 रुपये के स्टाम्प पर सहमति पत्र लेकर यूनाइटेड मेगा मुवर्स कम्पनी की साँई सूर्या प्रोफेशनल सर्विस ने पाँच वर्ष तक की अवधि के लिये अस्थाई रोड का निर्माण करने का कार्य शुरू कर दी है ।अब जांच का विषय यह है कि सम्बंधित विभाग इस पर कार्यवाही कर पायेगा। पिपरी वन क्षेत्र में यूनाइटेड मेगा मुवर्स कम्पनी के साँई सूर्या प्रोफेशनल सर्विस के द्वारा अस्थाई सड़क निर्माण कार्य का मौका पे दल बल के साथ पहुंचे

# थाना कोतवाली देहात का एएसपी ने किया वार्षिक निरीक्षण

**कार्यवाही के उपरांत फीडबैक लेते रहें थाना प्रभारीः अपर पुलिस अधीक्षक**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा द्वारा रविवार को थाना कोतवाली देहात का वार्षिक निरीक्षण किया गया। सलामी गार्ड द्वारा अभिवादन के बाद थाना परिसर का भ्रमण कर आरक्षी/महिला आरक्षी आवास के प्लास्टर व वायरिंग जो उखड़े हुए हैं उसे सही करवाने के लिए निर्देशित किया गया व नाली की व्यवस्था न होने पर नाली बनवाने व थाने की बाउंड्री ठीक करवाने के प्रस्ताव बनवाने के लिए निर्देशित किया गया।

थाना परिसर मे खड़े बेतरतीब वाहनों की सूची तैयार कर उनकी नीलामी करने के लिए एचएम व एसएचओ को निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय आदि का निरीक्षण करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क पर सभी प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर पर चढ़ाकर उन पर विधिवत कार्यवाही के उपरांत फीडबैक लेने के लिए थाना प्रभारी को आदेशित किया। इसके साथ ही उन्होंने महिला आगंतुकों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया।

निरीक्षण मे मेस में साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई तथा मेनू के अनुसार खाना बनाने के लिए कहा गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाने पर अर्दली रूम कर लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की एवं उनमें से लंबित गंभीर अपराधों में त्वरित खुलासे हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। तत्पश्चात एएसपी ने अस्त्र-शस्त्र तथा अन्य सरकारी सामानों की साफ सफाई का भी निरीक्षण किया जिसकी स्थित संतोषजनक पायी गई। मालखाने का चार्ज किसी के पास न होने के कारण उन्होंने एसएचओ को चार्ज दिलवाने के लिए निर्देशित किया।

# संभल में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

- पानी की पाइप के ऊपर से बाइक निकालने पर विवाद, महिलाओं समेत 10 लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

संभल, संभल में एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले हैं। इस घटना में कक्षा 6 की छात्रा एवं तीन महिलाओं सहित 10 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों ने पुलिस को अपनी अपनी तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा है। पूरा मामला जनपद संभल की कोतवाली बहजोई क्षेत्र के गांव मिजार्पुर का है। गांव निवासी फूल सिंह पुत्र प्रसादी और आदेश पुत्र खेमपाल के बीच लाठी डंडे चले हैं। दोनों पक्षों के बीच विवाद रास्ते में पड़े पानी की पाइपलाइन पर मोटरसाइकिल निकालने को लेकर हुआ है। दोनों पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट में कक्षा 6 की छात्रा सलोनी पुत्री विपिन सहित फूल सिंह, विपिन, महेंद्र, मंजीत पुत्र फूल सिंह, वीरवती पत्नी फूल सिंह एवं दूसरे पक्ष के आदेश, हेमंत पुत्र खेमपाल, रेनू पत्नी संजय सिंह, हरनंदी पत्नी खेमपाल, संजय सिंह, रवि पुत्र खेमपाल को गंभीर चोटे



आई हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को मेडिकल सहित इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई भेज दिया। प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सक ने उन्हें जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल के लिए रेफर कर दिया। दोनों पक्षों ने अपनी अपनी तहरीर देकर थाना पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# अमेठी में ससुर-दामाद में मारपीट

- घरेलू विवाद को लेकर हुआ बवाल, ग्रामीणों ने दोनों को शांत करवाया

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में पारिवारिक विवाद में ससुर और दामाद में खूनी संघर्ष हो गया। विवाद में दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुन आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामले की सूचना पुलिस को देते हुए दोनों को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत नाजुक देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। दरअसल ये पूरा मामला गौरीगंज थाना क्षेत्र के रामगंज कौहार गांव का है। जहां के रहने वाले हनुमान प्रसाद के घर उनका दामाद मुसाफिरखाना के सिठौली गांव निवासी माता प्रसाद रहता है। बृहस्पतिवार की देर शाम हनुमान गांव के पास से गुजरने वाली अफुइया मार्ग पर किसी काम से गया था। इसी बीच वहां पहुंचे दामाद माता प्रसाद से उसकी कहासुनी शुरू हो गई। कहासुनी देखते-देखते मारपीट में तब्दील हो गई। लाठी-डंडों व चाकू से हुई मारपीट में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। बीच-बचाव करते हुए दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने दोनों की हालात नाजुक देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

वहीं घटना को लेकर गौरीगंज एसएचओ शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि की अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# अमेठी में शॉर्ट सर्किट से 20 बीघा गेहूं जला

**फायर ब्रिगेड ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया, मुआवजे की मांग**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, गर्मी आते ही आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। अमेठी में आज दोपहर मुसाफिरखाना के दो गांवों मुबारकपुर और मठा रामपुर में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग से आधा दर्जन किसानों की 20 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दरअसल ये पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र मुबारकपुर गांव का है। यहां आज दोपहर करीब 12 बजे मुबारकपुर और मठा रामपुर गांव के बीच शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आधा दर्जन किसानों की 20 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से राम सेवक पुत्र शिवलाल, सूरत पुत्र शिवलाल, जग्गा पुत्र शिवलाल, रामशरण पुत्र राम प्रताप, राम दास पुत्र हितलाल और राकेश मणि पुत्र राम प्रताप की 20 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वहीं गांव के रहने वाले पीड़ित अंकुर ने कहा कि शार्ट सर्किट से आग लगी थी। आग से कई किसानों की 20 बीघा से अधिक फसल जलकर हो गई है। वहीं मुबारकपुर गांव के रहने वाले सत्यम कुमार शुक्ल ने कहा कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। जिस कारण कई बीघे गेंहू की पकी फसल जलकर राख हुई है, जिनके खेतों में आग लगी है। उनके पास अब खाने का कुछ नहीं बचा है। फायर ब्रिगेड मौके पर आई थी और आग को बुझाया है।

# रामपुर में युवक की चाकू मारकर हत्या

- पशु रास्ते में खड़े करने को लेकर हुआ विवाद, घर पहुंचकर सीने में मारा चाकू; परिजनों ने थाने पर किया हंगामा

अमन लेखनी समाचार




रामपुर, रामपुर में एक युवक की देर रात चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। पशु रास्ते में खड़े करने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के चलते घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गुस्साए लोगों ने युवक को हमारे हवाले करने की जिद पर थाने में हंगामा कर दिया। जबकि पुलिस मामले को शांत कराने में लगी थी। सूचना मिलने के बाद एसपी भी मौके पर पहुंच गए। उसके बाद भी हंगामा जारी था। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों पर लाठियां फटकार भीड़ को तितर- बितर कर दिया। मामला सैफनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला छिड़िया का है। जिले के सैफनी थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात मोहल्ला चौराहे वाला में राहुल (25) का जानवर कटिया खूंटे से खुल कर घर के बाहर सड़क पर खड़ा हो गया। इसी दौरान मोहल्ले का अजीत पाण्डे अपनी बाइक से गुजरा। कटिया को सड़क पर खड़ा देख गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि कुछ समय बाद अजीत पाण्डे अपने परिजनों के साथ राहुल के दरवाजे पर पहुंच कर गाली देने लगा। राहुल ने इसका विरोध किया। इसके बाद दोनों पक्षों में काफी बहस हो गई। इसी दौरान अजीत ने राहुल पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमले से राहुल वहीं गिर गया। घटना को अंजाम देकर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। आनन फानन परिजन घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन शव को लेकर थाने पहुंच गए। आरोपी को पकड़ कर परिजनों के हवाले करने पर अड़ गए। भीड़ को देख कर पुलिस भी सतर्क हो गई। मृतक के परिजनों और पुलिस में काफी नोक झोंक हुई।

# बांदा में कार-ऑटो की टक्कर, दो की मौत

**8 गंभीर घायल, आमने-सामने से हुई टक्कर**

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा में कार और ऑटो की आमने सामने भिड़ंत हो जाने की वजह से मां-बेटे समेत 10 लोग घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस के द्वारा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां पर दो लोगों की मौत हो गई। वहीं बाकी 8 लोगों का इलाज किया जा रहा है। आपको बता दें की पूरा मामला बांदा के गिरवा थाना क्षेत्र के महुवा गांव के पास का है। जहां ऑटो और कार की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसकी वजह से दोनों वाहन अनियंत्रित होकर खंती में जाकर पलट गए। राहगीरों ने जैसे ही देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान महिला केसरी और नत्थू नामक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं 8 लोगों का इलाज किया जा रहा है। वहीं पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। गवेंद्र पाल गौतम ने बताया की आज गिरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत महुवा के पहले ऑटो और कार की भिड़ंत हो जाने की वजह से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं 8 लोगों का इलाज किया जा रहा है।

# अयोध्याः रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की एक दिवसीय बैठक आरंभ

- रामनवमी मेले के पहले होने वाली बैठक में रामजन्मोत्सव को लेकर होंगे महत्वपूर्ण निर्णय

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, मणिराम दास छावनी में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक चल रही है। इसमें नृपेंद्र मिश्र, अयोध्या राजा बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र,कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी आदि शामिल हैं। - ऊल्लह्य इँर२ह्यं१ मणिराम दास छावनी में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक चल रही है। इसमें नृपेंद्र मिश्र, अयोध्या राजा बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र,कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी आदि शामिल हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की एक दिवसीय बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज की अध्यक्षता में मणि राम दास जी की छावनी में आज शाम आरंभ हो गई है ।रामनवमी मेले के पहले होने वाली बैठक में राम जन्मोत्सव को लेकर महत्व पूर्ण निर्णय किए जाऐंगे। रामनवमी महा पर्व इस बार 17 अप्रैल को पड़ रहा है। बैठक में महासचिव चम्पत राय, निर्माण समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी, सदस्यों में जगद्गुरु विश्व प्रसन्नतीर्थ महाराज, महंत दीनेंद्र दास, विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र अयोध्या राजा, अनिल मिश्र, केंद्रीय गृह सचिव प्रशांत लोखंडे,जिलाधिकारी नितिश कुमार, विशेष आमंत्रित महंत कमलनयन दास, गोपाल उपस्थित हैं। इस बैठक में मंदिर निर्माण सहित राम नवमी आदि के विषयों पर चर्चा चल रही है।

# संक्षेप

## जौनपुर में घर में आग लगने से 9 परिवार बेघर

### घंटो मशक्कत के बाद फायर बिग्रेड ने आग पर पाय काबू

बदलापुर, जौनपुर के बदलापुर तहसील क्षेत्र में रात आग लगने से 14 परिवारों के 30 रिहायशी छप्पर जल गए। घटना के 4 घंटे बाद अग्निशमन टीम की मदद से आग पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने तीन लाख से अधिक क्षति का आकलन किया। इस घटना से नौ परिवार बेघर हो गए। कृष्णापुर गांव के निषाद बस्ती में गुरुवार की शाम चार बजे जब श्रमिक किसान खेत में गेहूं की कटाई कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात कारणों से सबसे पहले बड़ेलाल के तीन रिहायशी छप्पर में एक के बाद एक आग लग गई। लोगों ने आग देखा तो अफरातफरी मच गई। विकराल आग देख मवेशियों और दो गैस सिलेंडर बाहर निकाला। इसके बाद लोग बाल्टी में पानी लेकर, डंडा, लाठी, झाड़ू लेकर आग बुझाने दौड़ पड़े। उनका यह प्रयास काम न आया और देखते ही देखते आग ने निषाद बस्ती के 30 रिहायशी छप्परों को अपनी जद में ले लिया। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी गई टीम के पहुंचने के बाद ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई गई। मौके पर बदलापुर फायर ब्रिगेड व जौनपुर फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची। आग की घटना में रिहायशी छप्पर में रखा राशन, कपड़ा, एक बाइक समेत सारा सामान जलकर राख हो गया। इसमें से नौ परिवार को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिला है ।इस आगजनी में रामप्रसाद निषाद, बड़ेलाल रमेश, विपिन, राजेश, खिलाड़ी, सोहनलाल, साहेब, सुनील, राकेश, बजरंगी, फागुलाल, इंद्रपति, कलावती आदि लोग प्रभावित हुए हैं।

## बलरामपुर को मिला एयरपोर्ट विस्तार भूमि बजट

### जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, जल्द होगा बैनामा कार्य

बलरामपुर, बलरामपुर में श्रावस्ती एयरपोर्ट विस्तार के लिए बजट मिला है। जिलाधिकारी बलरामपुर अरविंद सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ श्रावस्ती- बलरामपुर एयरपोर्ट विस्तार को लेकर बगाही, एलहवा का निरीक्षण किया। जमीन बैनामा की धनराशि किसानों के बैंक खाते में 48 घंटे में भेजने की हिदायत दी। एयरपोर्ट विस्तार के लिए पहले से ही माइक्रो प्लान तैयार है। जमीन खरीदने की सहमति किसानों से पूर्व ही ले ली गई है। माह जनवरी में श्रावस्ती एयरपोर्ट के लिए कुल 267 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई थी, जिसमें से 40.5 हेक्टेयर का क्षेत्र बलरामपुर में पड़ रहा है। अधिग्रहण में आने वाले मकानों एवं पेड़ों का मूल्यांकन पूर्व से कर लिया गया है। इसमें पीडब्ल्यूडी की सड़कों का भी मूल्यांकन शामिल है। शीघ्र ही किसानों का मुआवजा दे दिया जाएगा, विस्तार कार्य शुरू हो जाएगा। अधिग्रहण धनराशि को लेकर निर्देशित किया है कि 48 घंटे मे कृषकों की मुआवजा धनराशि उनके खाते में भेज दी जाए। एयरपोर्ट की 39 वर्ष पूर्व हवाई पट्टी निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान हो गई थी।

# गीडा को जमीन रजिस्ट्री करने को लेकर फौजी लगा रहा चक्कर

**अधिकारियों के टाल मटोल करने से परेशान, मंडलायुक्त को दिया पत्रक**

**गीडा क्षेत्र के चकघोप में गीडा द्वारा जमीन अधिग्रहण का मामला**

अमन लेखनी समाचार



सहजनवां, गोरखपुर। गीडा अधौगिक विकास प्राधिकरण द्वारा चकघोप स्थित जमीन अधिग्रहण में एक फौजी को गीडा कार्यालय पर आए दिन अधिकारियों का चक्कर लगाने को मजबूर है। थक हारकर पीड़ित ने मंडलायुक्त को पत्रक देकर तत्काल जमीन रजिस्ट्री कराने की गुहार लगाई हैं ।सहजनवा तहसील क्षेत्र के नगवा निवासी अरविन्द सिंह पुत्र स्व. रुद्र नाथ सिंह ने बताया कि उनकी पैतृक जमीन मौजा चाकघोप में हैं, जो गीडा द्वारा अधिग्रहण करके जमीन का रजिस्ट्री कराया गया। आराजी नंबर 71 व 236 में पीड़ित के दो भाइयों द्वारा उनके हक और हिस्से की जमीन को गीडा अधिकारियों द्वारा रजिस्ट्री कराया गया लेकिन फौजी को जिम्मेदारों द्वारा बैनामा होने की जानकारी नहीं दी गई। बाद में जानकारी होने पर छुट्टी लेकर घर आए फौजी ने जब अपने जमीन का हक व हिस्सा गीडा को रजिस्ट्री बैनामा करने के लिए कार्यालय पर संपर्क किया तो वहा के अधिकारी टाल मटोल करने लगे। इससे परेशान होकर उन्होंने बीते 19 मार्च को गीडा मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्रक देकर बताया कि असम राइफल्स फौज से छुट्टी लेकर जमीन रजिस्ट्री करने आया हू, अगर समय रहते बैनामा नही हो पाया तो बाद में छुट्टी मिलना मुश्किल हो जायेगा। इस पर भी कोई सकारात्मक कार्यवाही न होता देख पीड़ित फौजी ने शनिवार को मंडलायुक्त और जिलाधिकारी को पत्रक देकर जल्द से जल्द गीडा द्वारा जमीन रजिस्ट्री बैनामा कराने की गुहार लगाई हैं। इस संदर्भ में मुख्य कार्यपालक अधिकारी (गीडा) अनुज मालिक से उनके दूरभाष पर संपर्क किया गया लेकिन बात नही हो सकी।

## शौच के लिए गई महिला के साथ छेड़छाड़ विरोध करने पर पीटा केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के तेनुअन में शौच करने खेत में गई महिला को अकेला देखकर गांव का एक युवक छेड़छाड़ करने लगा था। महिला द्वारा शोर मचाने पर पहुंची जेठानी को मारपीट कर फरार हो गया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के तेनुअन निवासी एक महिला 29 मार्च को अपराह्न 3 बजे खेत की तरफ शौच करने गई हुई थी। उसी दौरान गांव का एक युवक खेत में मिला को अकेला देखकर छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया था। महिला द्वारा शोर मचाने पर जेठानी मौके पर पहुंची तो आरोपी उसे मारने पीटने लगा था जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया था। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी गणेश चौहान पुत्र स्व वसंत चौहान निवासी तेनुअन के खिलाफ छेड़छाड़ ,मारपीट, और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# अलग अलग विवाद में 8 के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के पिपरौली, टेनुअन, बरहूआ में जला अलग विवाद में हुए मारपीट में पुलिस ने 8 आरोपियों केडी खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से पिपरौली निवासी विवेक गुप्ता पुत्र त्रिवेणी गुप्ता का 1 अप्रैल को किसी बात को लेकर भाभी से विवाद हो गया था। अगले दिन परिजन बैठकर समझौता कर रहे थे। उस दौरान भाई के ससुर और रिश्तेदार मौजूद थे। उसी बात को लेकर भाई के ससुर और रिश्तेदार एनएफ गाली गलौज करते हुए लात घुसो से पीट दिया। पुलिस ने झीनक लाल, धर्मदेव के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। बरहुआ निवासी प्रहलाद पुत्र स्व कमला प्रसाद 5 अप्रैल को रात्रि में चौराहे पर सामान लेने गया था। सड़क के किनारे खड़ा होकर मोबाइल पर बात कर रहा था। की तीन लोग आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने गोलू, गुल्ली, शक्तिमान के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। टेनुअन निवासी प्रीति पत्नी राम अवतार के पास दो मकान है। जिसमे थाने और शौचालय की व्यवस्था नही है। वह दूसरे घर पर नहाने जा रही थी की रास्ते देवर, सास, और देवरानी, गाली गलौज करते हुए मारपीट दिया। पुलिस ने वीरप्पन, बतासी, पारस के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी दिन का केस दर्ज कर लिया हैं।

# आग लगने से सैकड़ों बीघे गेहूं की फसल स्वाहा



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मकराहट के बुधना सीवान में रविवार को आग लगने से सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। घटना के काफी देर बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुचीं। ग्राम पंचायत के बुधना सीवर में कुछ युवक बीड़ी पी रहे थे। अचानक उसकी चिंगारी से आग लग गयी और किसानों की खडी.फसल जल कर राख हो गई। हलांकि लोग आग पर काबू पानी का वार्षिक प्रयास कर रहे थे किंतु पछुआ पवन के झोंकों ने उनका काम बिगाड़ दिया । दमकल की गाड़ी आग बुझाने के बाद पहुचने पर लोगों में काफी गुस्सा था। लेखपाल से बार-बार सवाल पूछ रहे थे । मौके पर मौजूद लेखपाल जीत कनौजिया ने कहा कि नुकसान का आकलन कर सबको मुआवजा दिलाया जाएगा ।

# बिजली के सार्ट सर्किट से खड़ी फसल जलकर हुई राख

**आधा सैकड़ा बीघा फसले हुई प्रभावित किसानों की मेहनत में फिरा पानी**

अमन लेखनी समाचार



बकेवर, फतेहपुर। जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सुजावलपुर में खेतों से निकली मेन लाइन के तार में हुए शार्ट सर्किट से किसानों की फसलें जलकर राख हो गई विश्वत सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कल दोपहर समय बिजली के सार्क सर्किट से उठी चिंगारी खड़ी गेहूं की फसल पर जा गिरी जहां सूखी फसल में क्षण भर में आग लग गई कुछ ही मिनट में आग में विकराल रूप धारण कर लिया जहां आसपास के आधा दर्जन से अधिक किसानों की खड़ी फसल को निवाला बना डाला गांव के किसान अवधेश शुक्ला नरेंद्र दुबे कमलेश शुक्ला शिवकुमार शुक्ला गुड्डू शुक्ला राज नारायण दीप नारायण कैलाश चंद्र समेत अनेक किसानों की संपूर्ण फसलें जलकर राख हो गई आनन फानन किसानों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी जहां घंटो इंतजार के बाद भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंची वही ग्रामीणों ने आसपास के नलकूप इत्यादि का सहारा लेकर घंटो बाद आग पर काबू पाया बिजली विभाग के ढीले रवैया के कारण ग्रीष्म ऋतु आते ही प्रतिवर्ष ऐसी घटनाएं होती रहती हैं जहां जर्जर तार की समय-समय पर देखभाल न करना ही ऐसी घटनाओं को अंजाम देते हैं सूचना पाकर पहुंचे स्थानीय राजस्व लेखपाल रामकुमार ने नष्ट फसलों का निरीक्षण करते हुए सभी किसानों को यथा उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया

# फसल को लेकर किसान की हुई हत्या दो अन्य घायल

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद के गाजीपुर थाना कस्बा निवासी किसान अमित सिंह उर्फ रामू पुत्र झल्लर सिंह की कटी हुई फसल को उठाने के चक्कर में हत्या कर दी गई नजदीकी थाना गाजीपुर में लिखित तहरीर देते हुए परिजनों ने बताया कि कस्बा में स्थित एक वैवाहिक स्थल के पीछे खेतों में विगत दिवस रविवार को प्रातः काल किसान अमित अपने भतीजे ऋषि राज सिंह तथा धनंजय सिंह के साथ चने की काटी गई फसल को उठाने गया जैसे ही मजदूरों ने फसल उठाई तो गांव के नजदीक दूसरे गांव के निवासी टिहरी पाल झगड़ा में आमादा हो गया झगड़ा करते हुए निहत्थे रामू तथा उसके साथियों पर टिहरी पाल ने धारदार हथियार से हमला किया जहां रामू सिंह की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दोनों भतीजे गंभीर रूप से घायल हुए जानकारी मिलते ही आनन फानन परिजनों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया जहां दोनों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है परिजनों ने बताया की टिहरी पाल के साथ लगभग आधा दर्जन अन्य लोग भी मौजूद थे जिन्होंने घटना को अंजाम दिया सूचना पाकर पहुंची पुलिस प्रशासन समेत एएसपी विजय शंकर मिश्रा ने घटना स्थल का जायजा लिया वही शव का पोस्टमार्टम करवाने हेतु शव विच्छेदन ग्रह रवाना किया थाना अध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत किया गया है तथा आरोपियों की खोजबीन जारी है


मृतक फा फो.

# सोनभद्र में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कमरे में साड़ी के फंदे के सहारे लटकता मिला शव, परिजनों ने कहा- नशे का आदी था**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, सोनभद्र के पन्नुगंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक के आत्महत्या की जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके साथ ही मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। आरोप है कि मृतक नशे का आदी था। पन्नूगंज थाना क्षेत्र के बकवार गांव निवासी राकेश सिंह उर्फ छोटू (26) ने गुरुवार की रात आत्महत्या कर ली। बता दें कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। मृतक की मां ने बताया कि उनका बेटा नशे का सेवन करता था। रात लगभग 9 बजे के करीब वह घर में था। उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद किया था। वह खाना खाने के लिए उसे बुलाने पहुंची। दरवाजा नहीं खुलने पर वह तेज अवाज लगाई। इसके बाद भी दरवाजा नहीं खुलने पर उसे आशंका हुई। इसके बाद उसने पड़ोसियों को बुलाकर घर का दरवाजा तोड़ा गया। मृतक की मां ने बताया कि घर के अंदर उसका बेटा घर के छत की कुंडी में साड़ी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल रहा था। पड़ोसियों ने शव के नीचे उतारा गया, इस दौरान उसकी मौत हो चुकी थी। प्रभारी केदारनाथ मौर्य ने बताया कि एक युवक के आत्महत्या की जानकारी मिली है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

# बुलंदशहर में फूफा-भतीजे हत्याकांड का खुलासा, 2 गिरफ्तार

**एसएसपी बोले- नौकर ने रची साजिश, चमत्कारी सिक्का प्राप्त करने के लिए दोस्त के साथ दोनों का मारा**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर पुलिस ने फूफा-भतीजे हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि चमत्कारी सिक्का प्राप्त करने के लिए राजीव गर्ग के नौकर ऋषभ ने अपने दोस्त के साथ मिलकर राजीव और उनके फूफा सुधीर की हत्या की थी। घटना के खुलासे के लिए 05 टीमें गठित की गई थी। अभियुक्तों की निशान देही पर अडौली नहर से आला कत्ल चाकू और मृतक युवक की स्कूटी और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एसएसपी ने बताया कि अभियुक्त ऋषभ ने पूछताछ में बताया कि वह राजीव गर्ग के जनसेवा केन्द्र पर कार्य करता है। राजीव पर उसके 80 हजार रुपए उधार थे और कुछ महीने का वेतन भी नहीं मिला था। राजीव से उसने कई बार अपने रुपए मांगे थे, लेकिन वह दो-चार दिन में देने की बात बोलकर टाल देता था। करीब डेढ़ माह पहले दोनों में इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस बात को लेकर वह क्षुब्ध और बेहद आक्रोशित था। राजीव के पास आने वाले लोग एक रहस्यमयी सिक्के के बारे में बातें करते रहते थे। जिसको देश और विदेश में बेचने बात की जाती थी। इन लोगों के बीच यह अन्ध विश्वास था कि इस सिक्के की सहायता से मौसम को बदला जा सकता है और वर्षा भी करायी जा सकती है। साथ ही मनचाही इच्छा पूरी की जा सकती है, जो बहुमूल्य है। दुनिया में इस प्रकार के कुल 26 सिक्के है। इसी लालच के कारण कि यह सभी पैसा उसे मिल जायेगा। ऋषभ ने अपने दोस्त तनु को साथ मिलाकर उन्हें मारने की योजना बनाई। 31 मार्च को राजीव अपने जनसेवा केन्द्र पर नहीं आया था तो ऋषभ ने अडौली तिराहे पर स्थित एक चाय वाले के मोबाइल से फोन करके उसे जनसेवा केन्द्र पर बुलाया था। जब राजीव स्कूटी से कुछ कागजात लेकर जाने लगा तो वह भी स्कूटी पर यह कहकर बैठ गया कि उसे भी रास्ते में कुछ काम है। योजना के अनुसार वह उन्हें अडौली नहर पर ले गया। जहां रास्ते में नहर पर पहले से ही मौजूद अपने दोस्त तनु को भी स्कूटी पर बैठा लिया। कुछ दूरी पर जाकर दोनों ने राजीव पर पीछे से चाकू से वार कर दिया। जिससे स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई। तभी उन्होंने राजीव का गला रेत कर हत्या कर दी। उसके बाद ऋषभ स्कूटी लेकर दुकान पर गया और राजीव के फूफा सुधीर अग्रवाल को राजीव का एक्सीडेंट होने की बात बताकर अपने साथ ले गया और उनकी भी दोनों ने हत्या कर दी।

# जौनपुर डीएम और एसपी पहुंचे मड़ियाहूं के बेलवा ग्राम पंचायत

**चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्या, लोगों से की अधिक संख्या में मतदान करने की अपील**

अमन लेखनी समाचार



जौनपुर , जौनपुर के मड़ियाहूं में एसपी और डीएम ने बेलवा ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर जनता की समस्या सुनी। एसपी और डीएम के गांव पहुंचने पर अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान अधिकारियों ने चौपाल में आए हुए ग्रामीणों से लोकसभा चुनाव में मतदान करने की अपील की। साथ ही सुरक्षा का भरोसा दिया।

डीएम रविंद्र कुमार और एसपी डॉक्टर अजय पाल शर्मा मडियाहू कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बेलवा पहुंचे। यहां अधिकारियों ने चौपाल लगाकर जनता की समस्या सुनी और लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर ग्राम प्रधानों और सम्मानित व्यक्तियों के साथ वार्ता कर दिया दिशा निर्देश दिया। डीएम रविंद्र कुमार ने जनता से कहा कि आने वाली 25 मई को दो लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। इसलिए अधिक संख्या में ग्रामीण अपने-अपने मत का उपयोग करें। अगर कोई मतदाता जौनपुर से बाहर है तो वह 25 मई को इस महा पर्व पर अपने घर पहुंचकर मतदान अवश्य करें। इसके लिए जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था की पुख़्ता इंतजाम किए गए हैं और लोकसभा चुनाव में मतदान का आंकड़ा जौनपुर के लोग इसबार बढ़ाएंगे।

# बलरामपुर में एक-हफ्ता पहले हुई लूट का पुलिस ने किया-पदार्फाश

**ई- रिक्शा, मोबाइल, छीनने वाले तीनों गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



बलरामपुर, बलरामपुर पुलिस ने ई -रिक्शा, मोबाइल छीनने वाले तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मामला थाना महाराजगंज तराई के जहानडीह नारायनपुर का है। जिसमें नारायनपुर निवासी गुरदयाल चौरसिया से एक सप्ताह पूर्व लूट हुई थी। जिस पर पुलिस, एसजी व सर्विलांस टीम ने घटना में शामिल भिनगा श्रावस्ती निवासी धर्मराज ,दिवाकर व शिवदयाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा के पास से गिरफ्तार कर ई -रिक्शा ,नगदी व मोबाइल बरामद किया गया है। नारायनपुर निवासी ई रिक्शा चालक गुरदयाल के अनुसार 29 मार्च कुंदर महाराजगंज तराई में उसने तीन सवारियां ई- रिक्शा पर बैठाया था। उन तीनों ने उसे अधिक पैसे का लालच देकर मोतीपुर जाने की बात कहा था। गंजडी नरायपुर मार्ग पर सेमरी मोड़ से थोड़ी दूर जाकर मोबाइल ,नगदी छीनकर ई -रिक्शा लेकर भाग गए। गुरदयाल के पिता ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने घटना का पदार्फाश करने के लिए महाराजगंज तराई पुलिस , एसजी और सर्विलांस टीम को लगाया था बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम क्षेत्र में लगातार दबिश दे रही थी। जिसमें बुधवार को देर शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुरा के निकट तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश तिवारी के अनुसार पकड़े गए तीनों युवकों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है ,लेकिन वे आपराधिक किस्म के हैं।

# नियमों को ताक पर रख हो रहा डग्गामार वाहनों का...संचालन

**अनपरा में पिकअप गाड़ी से सवारियों को ढोया जा रहा, थानाध्यक्ष बोले- जांच के बाद होगी कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र , सोनभद्र के अनपरा थाना क्षेत्र के अनपरा-डिबुलगंज मुख्य मार्ग पर पीकअप वाहन द्वारा सवारियों को ढोया जा रहा है। यहां सड़क सुरक्षा के नियमों को ताक पर रखकर चालक फर्राटे से गाड़ी दौड़ा रहे हैं। इसके साथ ही प्रशासन मौन है। इन वाहनों में सवारियों को इस कदर ठूस कर भरा जाता है कि केवल वाहन के पहिये और सवारी नजर आते हैं। बता दें कि अनपरा क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों मजदूर पिकअप वाहन पर सवार होकर क्षेत्र में रोजी रोटी कमाने आते हैं और शाम तक इन्ही वाहनों से घर को लौट जाते हैं। कई बार यह वाहन दुर्घटनाओं के शिकार हो चुके हैं, लेकिन पुलिस ऐसे वाहनों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। कुछ समय पूर्व सड़क पर ट्रैक्टर में सवारीयों को भरकर जाने के दौरान कानपुर में हादसा हुआ था। जिसमे कुछ लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी थी। जिसके बाद सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने इन वाहनों से सवारी न ढोने की हिदायत दी थी। पकड़े जाने पर कड़ी कार्यवाई करने का आदेश उच्चाधिकारियों को दिया था, लेकिन सब धरे के धरे रह गए। अनपरा क्षेत्र में इन वाहनों से सफर कर मजदूर अपने को जोखिम में डाल रहे हैं। यह वाहन फिटनेस के मानकों पर भी खरे नहीं लगते फिर भी स्थानीय प्रशासन का ध्यान भी इस ओर नहीं है। यहां यातायात नियमों को ताक पर रख ऐसे वाहनों को दौड़ा रहे हैं।

## दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत से दो लोगों की मौत

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। शनिवार देर शाम सड़क दुर्घटना में ललपुरा थाना क्षेत्र के स्वासा बुजुर्ग रोड पर जनपद कानपुर के लाल बंग्ला निवासी शुभम हजारिया (24) पुत्र साजन, साथी जनपद बांदा के रिहुटा पैलानी निवासी विमल (25) पुत्र देशराज रिश्तेदारी में रुरीपारा गांव जा रहे थे। सामने से आ रही बाइक सवार निवादा गांव निवासी जीतू जोशी (35) पुत्र वृंदावन जो नवेली पावर प्लांट से काम करके लौट रहा था जिसकी आमने सामने भिड़ंत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से जिला सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया है। जहां डॉक्टर विपिन राजपूत ने विमल और जीतू जोशी को मृत घोषित कर दिया। शुभम हजारिया और विमल रिश्तेदारी में रुरीपारा गांव जा रहे थे। दूसरी बाइक से जा रहा शुभम का भतीजा अर्जुन पुत्र संजय निवासी लाल बंगला निवासी और दीपक निवासी रुरीपारा बाइक आगे निकल गए थे। जब देर वह लोग नहीं लौटे तो वह वापस आए। सीओ राजेश कमल ने बताया कि सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया है।

## जनजागरण मासिक महाआरती क्रम हुई समपन्न

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के सयुंक्त तत्वावधान में हर माह की भांति इस माह भी हमीरपुर के पातालेश्वर महादेव मंदिर में जिलास्तरीय जनजागरण मासिक महाआरती क्रम समपन्न हुई महाआरती के प्रारंभ में मां गुरूवर के जयकारे वासु शिवहरे एवं मांडवी शिवहरे ने लगवायें! इसके पश्चात माताभगवती आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा व योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज की पावन आरती क्रम समपन्न हुईं! महाआरती में उपस्थित जनसमुदाय को भगवती मानव कल्याण संगठन के सक्रिय सदस्य धर्मेंद्र सिंह गौतम ने कहा कि हर मनुष्य के तीन कर्तव्य है धर्म की रक्षा करना, राष्ट्र की रक्षा करना, व मानवता की सेवा करना ! महाआरती क्रम में योगेन्द्र अवस्थी, मोनू सिंह, धीरेन्द्र कुशवाहा, अनंतराम शिवहरे, हरीओम योगभारती, रामकिशोर प्रजापति, अजय शिवहरे, जुगुल किशोर पाठक, कामता प्रसाद गुप्ता, लालाराम यादव, अशोक बाबू गुप्ता, सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया! चुनूबाद कुशवाहा ने महाआरती में आये हुये सभी लोगों का आभार व्यक्त किया !

## गेंहू खरीद केंद्र मे बारदाना न होने के कारण खरीद ठप

अमन लेखनी समाचार शिवम सिंह

कुरारा, हमीरपुर।विकास खंड क्षेत्र के साधन सहकारी समिति शेखू पुर में सरकारी गेंहू खरीद केंद्र संचालित है। जिसमे बारदाना न होने के कारण खरीद ठप हो गई है। जिससे किसान गेंहू की तौल कराने के लिए परेशान घूम रहे हैं। क्षेत्र के शेखुपुर गांव में साधन सहकारी समिति में सरकारी गेंहू खरीद केंद्र संचालित है। इस केंद्र में गेंहू खरीद के लिए बारदाना बोरे उपलब्ध न होने के कारण गेंहू की तौल नही हो पा रही है।भोली गांव के किसान बबलू सिंह ,मुन्ना पांडे, सोबरन सिंह, बचरौली गांव निवासी हेम सिंह, आदि किसानो ने बताया कि केंद्र में बोरे उपलब्ध न होने के कारण गेंहू की तौल बंद हो गई है। ऐसे में किसान अपना गेंहू लेकर केंद्र में डेरा डाले हैं। केंद्र प्रभारी जगपाल सिंह से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि बारदाना खत्म होने की जानकारी अधिकारियों को दी गई है। जल्द व्यवस्था कराए जाने के लिए मांग की है। बोरे उपलब्ध होते ही खरीद शुरू की जाएगी।

## नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार शिवम सिंह

कुरारा, हमीरपुर।स्थानीय विकास खंड सभागार में नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वीडियो कांफ्रेनेसिंग के माध्यम प्रधान मंत्री का महिलाओं से संवाद का लाइव प्रसारण दिखाया गया। विकास खंड सभागार में आयोजित नारी बंदन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिलाओं से संवाद का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौ. भूपेन्द्र सिंह ने बूथ सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश बढ़ रहा है, हमरी विचारधारा राष्ट्रवादी है

अमन लेखनी समाचार




गौतम बुद्ध नगर। गौतम बुद्ध नगर लोकसभा के दादरी विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी का बूथ सम्मेलन आर. वी. नॉर्थलैंड इंटरनेशनल स्कूल चिट्ठेडा में हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष बूथ पर टोली बनाकर प्रचार करे पार्टी प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा को पहले से और अधिक मतों से विजयी बनाने का संकल्प लेते हुए अपने बूथ को जितना है तीन दिन विशेष बूथ जीत अभियान चलाकर घर घर मतदान पर्ची बाटना सरकार की उपलब्धियों को बताना है। उन्होंने कहा कि आज देश का सम्मान विदेशों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बढ़ा और कहा कि हमारी पार्टी की विचारधारा राष्ट्रवादी विचारधारा है, हमारी विचारधारा 1925 में आयी और उसको गति 1950 को मिली और हमारे संकल्प राष्ट्र हित, धारा 370 हटाना, अयोध्या में राम मंदिर बने, आज देश धारा 370 हटी अयोध्या में भव्य भगवान राम मंदिर का निर्माण हुआ है ये सब जनता के वोट की ताकत से सम्भव हो पाया है हमारे भाजपा के प्रेरणा श्रोत महापुरषों ने देश के हर वर्ग के साथ देश का उत्थान हो उसका सपना देखा आज हमारी सरकारों में अंतिम पायदान के व्यक्ति तक विकास कार्य हो रहें है।

आज देश में प्रत्येक सेक्टर में विकास हो रहा है। आज शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय बन रहे हैं, आज प्रदेश सरकार प्रत्येक जिले में विश्व विद्यालय बना रही है। आज देश में जगह जगह एयरपोर्ट, एम्स हॉस्पिटल बन रहे आज भारत आत्मनिर्भर भारत बनकर विकसित भारत और विश्व गुरु बनने की और आगे बढ़ रहा है। आज हमारे पास विश्व के सर्वमान्य लोकप्रिय नेता मान्य नरेन्द्र मोदी जी है अबकी बार प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों के साथ और देश में 400 पार के साथ भाजपा सरकार देवतुल्य जनता और कार्यकताओं के बल पर बनेगी।

# एनसीएल ककरी में सम्पन्न हुई कोल इंडिया अंतर कंपनी कबड्डी प्रतियोगिता

### डबल्यूसीएल की टीम रही विजेता

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। शनिवार को एनसीएल की ककरी परियोजना में कोल इण्डिया अंतर कंपनी कबड्डी प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 के समापन समारोह का आयोजन एकलव्य मैदान, ककरी में किया गया। 4 अप्रैल 2024 से आयोजित इस 3 दिवसीय प्रतियोगिता में कोल इंडिया लिमिटेड की एनसीएल एमसीएल, ईसीएल, एसईसीएल, सीसीएल, डब्लूसीएल, बीसीसीएल के साथ सिंगरैनी स्थित एससीसीएल की टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कुल 15 मैच खेले गए जिसमें 112 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे । साथ ही निदेशक तकनीकी /संचालन जितेन्द्र मलिक, कोल इंडिया कल्याण समिति सदस्य (सीटू) पी एस पांडेय, जेसीसी सदस्य सीएमएस अजय कुमार, जेसीसी सदस्य आरसीएसस बी एस बिष्ट, जेसीसी सदस्य बीएमएस अरुण कुमार दुबे, जेसीसी सदस्य एचएमएस अशोक कुमार पांडेय, सीएमओएआइ के महासचिव सर्वेश सिंह, महाप्रबंधक ककरी नलिन कुमार खुल्बे, महाप्रबंधक (कार्मिक) शफदर खान बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे । साथ ही एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सदस्य, ककरी क्षेत्र के विभागाध्यक्ष, स्थानीय श्रम संघ प्रतिनिधि व अन्य कर्मियों के साथ स्थानीय जनमानस भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । प्रतियोगिता के अंतिम दिन शनिवार को कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों एवं सिंगरैनी स्थित एससीसीएल के बीच कुल 4 मैच खेले गए। प्रतियोगिता का फाइनल मैच एनसीएल तथा डबल्यूसीएल के बीच खेल गया जिसमें डबल्यूसीएल की टीम ने एनसीएल की टीम को 7 अंकों से हराकर विजेता खिताब अपने नाम किया। इस दौरान बेस्ट कैचर शुभम डोंगे (डबल्यूसीएल), बेस्ट रेडर हर्ष शर्मा (एनसीएल), ऑल राउंडर विशाल भोंगड़े (डबल्यूसीएल) बने।

# उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस ने किया पैदल फ्लैग मार्च



अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा, झांसी। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को भयमुक्त व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी गरौठा श्वेता साहू के नेतृत्व में असम पुलिस कंपनी कमांडर बलेन अधिकारी व असम पुलिस के 50 जवानों के साथ थाना ककरवई पुलिस ने संयुक्त रूप से विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने बताया की आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को भय मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिससे मतदाता भयमुक्त होकर निष्पक्ष तरीके से मतदान कर सके।इस दौरान ककरवई थाना क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र ग्राम कैरोखर, हीरानगर, खरवांच, घटियारी, धमनौड, ककरवई व सिया में पैदल फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा रामवीर सिंह व थानाध्यक्ष कौशल किशोर मिश्रा ने समस्त जनता से सुरक्षा की भावना जागृत करते हुए निडरता से मतदान करने का आग्रह किया।

# नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार /हेमन्त यादव




गुरसरांय, झाँसी। कसवा गुरसरांय के सोलंकी कोचिंग सेंटर मे मेहनत और लगन के साथ अपनी प्रतिभा में निखार लाने वाले 18 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। ये छात्र-छात्राएं प्रथम प्रयास में जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित हुए हैं। सैनिक स्कूल में दो छात्र एवं विद्या ज्ञान में एक छात्र अटल आवासीय विद्यालय में एक छात्र का चयन हुआ। ये छात्र - छात्राएं कक्षा पांच से निकलकर कक्षा छह के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित हुए तो उनके अभिभावकों और शिक्षकों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में सी पी सिंह मौजूद रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय अनुरागी, और राजू प्रजापति बरुआसागर ने की।सफल हुए बच्चों को रविवार को कोचिंग संस्थान में मिठाई खिलाकर और माला, मेडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है। कम संसाधन में कड़ी मेहनत की बदौलत यह बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित होकर अपने मेधा का परिचय दिए हैं। सम्मानित बच्चों मे शिवराज सिंह, अंश, हार्दिक गुप्ता, हर्षिल्ल करपात्री, चिराग, वंश प्रताप सिंह, अनंत दुबे, कशिश, श्रष्टि नामदेव, अंश कुशवाहा, पीयूष कुमार, प्रवीण घोष, कपिल कुशवाहा, सिद्धांत बर्मा, हिमांशु कुशवाहा, आदि छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।इस मौके पर श्याम सिंह यादव खरका, हरी सिंह पूर्व नवोदयन, आशुतोष तिवारी, सोमनाथ घोष, रोहित, रविन्द्र कुमार अनिल राजपूत, पुष्पेंद्र पटेल, के के प्रजापति, कैलाशनारायण मिश्रा, जितेंद्र कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे। संचालन घनेंद्र सिंह ने किया। अंत में आभार व्यक्त रामगोविंद सोलंकी ने किया।

# पुल के क्षतिग्रस्त होने से वाहनों को आवागमन में दिक्कत



अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह

कुरारा, हमीरपुर। कस्बा कुरारा के भगत तालाब के पास भोली रोड पर नाले में बना पुल क्षति ग्रस्त हो जाने के कारण पुल को सरिया निकल आने से वाहनों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारी वाहनों के निकलने में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। कस्बा कुरारा से भोली रोड पर भगत तालाब के पहले नाले में बना पुल क्षति ग्रस्त हो गई है। जिसमे सरिया निकल आई है। तथा पुल की छत भी टूट गई है।इस पुल से होकर रघवा, पडई, शेखुपुर, बचरौली, भोली, जलाला, सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों का कस्बे में आवागमन रहता है। तथा इन गांवों के लोग अपनी उपज आदि लेकर कस्बा कुरारा आते हैं। तथा ईंट, गिट्टी, आदि के ट्रक व टैक्टर ट्राली आदि मोरम आदि लेकर वाहन निकलते हैं। पुल क्षति ग्रस्त हो जाने के कारण भारी वाहन निकलने से खतरा बना हुआ है। बिना जानकारी के वाहन निकलने से कभी भी बड़ी दुर्घटना का खतरा बनता जा रहा है। कस्बा वासियों ने इस पुल के मरम्मत कार्य कराए जाने की मांग की है। इस सड़क का मरम्मत का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है।

# ज्ञान से भी ऊंचा है प्रेम - हरभजन दास, पीठाधीश्वर पिलुआ महावीर मंदिर

अमन लेखनी समाचार/ सुघर सिंह




सैफई, इटावा। सिद्धपीठ श्री पिलुआ हनुमान मंदिर पर हो रही श्रीमद्भागवत कथा एवं मारूति यज्ञ में प्रवचन करते हुए भागवत कथा व्यास पिलुआ महावीर मंदिर के पीठाधीश्वर महंत श्री हरभजन दास महाराज ने कहा कि ज्ञान से भी प्रेम का स्थान ऊंचा है, इसीलिए जब कृष्ण का संदेशा लेकर उनके ज्ञानी मित्र ऊधौ ब्रज में गोपियों के पास गए तो गोपियों की प्रेमाभक्ति के आगे उनकी एक न चली और उनका ज्ञान पराजित हुआ, गोपियों का प्रेम जीत गया।

उद्धव गोपी प्रसंग की चर्चा करते हुए महंत हरभजनदास महाराज ने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति केलिए भक्ति ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी का महत्व है लेकिन भगवान को प्रेम सबसे प्रिय है, मानस में गोस्वामीजी भी लिखते हैं, ₹ रामहि केवल प्रेम पियारा। जान लेहु जो जाननि हारा।₹ यह प्रेम भक्ति से प्रकट होता है। ऊधौ जी केवल ज्ञान के बल पर गोपियों को समझाने गए थे, पर गोपियों की कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेमाभक्ति के आगे उनकी एक न चली और उन्होंने उनसे साफ साफ कह दिया कि "ऊधौ मन न भए दस बीस, एक हतो सो गयो श्याम संग को अवराधे ईश"। फिर क्या वे उनके सामने नतमस्तक हो गए। इसके बाद उन्होंने रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई जिस पर भक्त श्रद्धालु झूमकर नृत्य कर उठे। इस अवसर पर श्री नीलकंठ मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार वाजपेई, श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, प्रेम किशोर द्विवेदी, रघुवीर यादव, नवल किशोर शुक्ला, सुधीर मिश्र ने महाराजश्री का व्यास गद्दी पर माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया।

## तेज रफ्तार की कहर टीपर की चपेट में आने से बाईक सवार दो युवक घायल

सलखन सोनभद्र। चोपन थाना गुरमा पुलिस चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य राज मार्ग स्थित मारकुंडी अवयी फासिल्स पार्क मुख्य गेट के समीप रविवार दोपहर के लगभग मारकुंडी से चोपन की ओर तेज रफ्तार से जा रही टीपर एवं बाईक सवार साईड लेने के चक्कर में टीपर के चपेट में आने दो युवक गम्भीर रुप से घायल हो गये।मौके पर पहची गुरमा पुलिस चौकी प्रभारी दोनो घायल युवकों चोपन चिकित्सालय भेज दिया जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया प्राप्त समाचार के अनुसार मारकुंडी से मोटर साईकिल सवार काजु केशरी 17 वर्ष पुत्र गोपाल केशरी एवं सुरज केशरी 22 वर्ष अनिल केशरी दोनों किसी काम से चोपन जा रहे थे।कि तेज रफ्तार से रावर्टसगंज से चोपन की ओर जा रही टीपर के चपेट में आने दोनो युवक गम्भीर रुप से घायल हो गये।

# स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत सुपरवाइजर एवं बीएलओ की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित



हमीरपुर। रविवार को हसील सभागार हमीरपुर में विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के सुपरवाइजर एवं बीएलओ की बैठक लेते हुए उप जिलाधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठक ने कहा कि मतदाता पर्ची एक ऐसा माध्यम है जो प्रत्येक मतदाता को मतदान के दिन बूथ तक लाने का सशक्त माध्यम है।इसलिए बीएलओ का उत्तरदायित्व हैं कि निर्वाचन आयोग से प्राप्त मतदाता पर्ची एवं हेल्पलाइन गाइड घरों तक अवश्य पहुंचते हुए अपील करें कि प्रत्येक मतदाता 20 मई को मतदान दिवस में अपना मत अवश्य डालें। तहसीलदार सदर अनुभव चंद्रा ने स्वीप कार्यक्रम के बारे में मतदाताओ को जागरूक करने तथा बूथ स्तर पर चुनाव पाठशाला आयोजित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली ने जिलाधिकारी महोदय का संदेश व अपील देते हुए कहा कि इस बार जनपद हमीरपुर का लक्ष्य प्रदेश ही नहीं देश में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत प्राप्त करने का है जो जनपद के समस्त जागरूक मतदाताओं द्वारा बीएलओ के माध्यम से पूर्ण किया जाएगा।अंत में सभी उपस्थित को उप जिलाधिकारी पवन प्रकाश पाठक द्वारा मतदाता शपथ दिलाई गई।

# दो वारंटीयो को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




अमन लेखनी समाचार

डाला सोनभद्र। स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला बाड़ी से दो वारंटीयो को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल इस संबंध में जानकारी देते हुए डाला चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ यशवीर सिंह के निर्देशन में माननीय न्यायालय के आदेश के क्रम में रविवार को दो वारंटियों में विनोद पुत्र मिक्खू निवासी बउली डाला, व धर्मू बैगा पुत्र लाल बहादुर बैगा निवासी चुनियरा, डाला, थाना चोपन सोनभद्र को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# नदी के गहरे पानी मे डूबने से 28 वर्षीय युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।जनपद के मुस्करा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 28 वर्षीय युवक की नदी में डूबने से मौत हो गयी है।घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही उपरांत पंचनामा भर कर पोस्टमार्डम हेतू शव विच्छेदन ग्रह भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के मुस्करा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिवनी बगिया डेरा निवासी सुमेरा का 28 वर्षीय पुत्र ओमजी निसाद गांव में नदी किनारे सब्जी बागवानी लगाए है।जिसकी सिचाई हेतू वह सुबह घर से गया था।जब वह घर नही पहुँचा तो परिजनों ने खोजबीन की तो युवक के मौत की सूचना मिली।बताया जा रहा है कि मृतक नदी में सब्जी बागवानी कर अपना औ अपने परिवार का भरण पोषण करता है।रविवार के रोज वह पूर्वाह्न सब्जी बागवानी में सिचाई करने हेतू गया था।सिचाई के उपरांत वह नदी में मछली पकड़ने हेतू प्लॉस्टिक के टीयू में हवा भर गहरे पानी मे गया था उसी दरम्यान उसके हवा युक्त टीयू का संतुलन बिगड़ गया जिससे वह गहरे पानी में डूब जाने से मृत्यु हो गयी।वही जनपदीय पुलिस द्वारा बताया गया कि परिजनों द्वारा नहाते वक्त पानी मे मृतक युवक की मौत होना बताया गया है।हालांकि अभी युवक की मौत की कारणों की पुष्टि जांच व पोस्टमार्डम के उपरांत ही हो सकेगी।इस घटना से मृतक के घर मे कोहराम मचा हुआ है।

# फतेहपुर जनपद का चिकित्सा के क्षेत्र में एक बार फिर नाम हुआ रोशन

### डॉक्टर की डिग्री में प्रदेश मे प्रथम स्थान मिलने पर थाईलैंड के बैंकांक में मिला अवार्ड

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी फतेहपुर। फतेहपुर जनपद के जहानाबाद कस्बे की मिट्टी में जन्मे डॉ रजनीश शुक्ल ने अपने फतेहपुर जनपद का नाम चिकित्सा के क्षेत्र अवार्ड जीतकर रोशन करते हुए कस्बे एवं जनपद वीडियो को जो मान सम्मान दिलाया है वह वास्तव में काबिले तारीफ है जहानाबाद कस्बे के ठकुरन गली के रहने वाले डॉक्टर रजनीश शुक्ल की शिक्षा दीक्षा कस्बा और कानपुर में होने के बाद बनारस यूनिवर्सिटी मेंबीए यम यस की डिग्री हासिल करने में उत्तर प्रदेश में पहला स्थान मिला है डॉ रजनीश शुक्ला पैरा न्यूरो पर शोध करने का कार्य कर रहे थे उनकी शिक्षा को ग्रहण करानेमें उनके बड़े भाई डॉक्टर मोहिनीश शुक्ला का बहुत बड़ा सहयोग रहा है वर्ल्ड स्कूल का सबमिट अवार्ड में कलेक्टर ऑफ अवार्ड 2024 का थाईलैंड के बैंकॉक में इनको दिया गया है इस अवार्ड को बॉलीवुड अभिनेत्री ईसा देओल एवम सी ओ ए के अधिकारियो द्वारा प्रदान किया गया है।इस अवार्ड को प्राप्त करने के बाद जहानाबाद ही नहीं बल्कि जनपद में इनके मिलने जुलने वालों में एक हर्ष का माहौल दिखाई पड़ रहा है।डॉक्टर रजनीश शुक्ला अपनी स्वर्गीय बुआ डॉक्टर उमा शुक्ला के पद चिन्हों पर चलते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में प्रण लिया है।


अमन लेखनी

(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



इस सृष्टि की संपूर्ण शक्ति की स्रोत आदिशक्ति मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना का पर्व नवरात्र, आगामी मंगलवार से आरंभ हो रहे हैं। इस दौरान प्रकृति भी अपना पुराना आवरण त्याग कर नया स्वरूप धारण करती है। ऐसे संक्रांति काल में पवित्र मन से उपासना करने पर मां शक्तिस्वरूपा की कृपा अवश्य प्राप्त होती है।

# चैत्र नवरात्र शक्ति की कामना का उत्सव

आस्था / सरस्वती रमेश

धार्मिक ही नहीं ज्योतिष की दृष्टि से भी चैत्र नवरात्र का विशेष महत्व है, क्योंकि इस दौरान सूर्य का राशि परिवर्तन होता है। यह अपनी आत्मशक्ति को जागृत करने और सात्विक गुणों को विकसित करने के लिए सबसे उपयुक्त समय माना जाता है। नवरात्र में हम देवी के नौ रूपों की अर्चना करते हैं। असल में ये नौ रूप हमारी विभिन्न मनोदशाओं के परिष्कार, उनकी शुद्धि से जुड़े हुए हैं। तरह-तरह की तामसिक प्रवृत्तियां हम सब के इर्द-गिर्द विचरण करती रहती हैं। नवरात्र के दौरान किया जाने वाला तप, उपवास हमें इन नकारात्मक ऊर्जा से मुक्त कर शुद्ध और सृजनशील बनाता है। इसलिए चैत्र नवरात्र को आध्यात्मिक साधना से शक्ति अर्जित करने का सबसे उपयुक्त समय माना जाता है।

## संपूर्ण सृष्टि की स्रोत आदिशक्ति

यह संपूर्ण सृष्टि, शक्तिस्वरूपा में निहित सृजनात्मकता का प्रतिफल है। इस सृजनात्मकता का आरंभ आदिशक्ति से माना जाता है। हमारी पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस सृष्टि के सृजन के लिए आदिशक्ति के अंश स्वरूप ब्रह्मा, विष्णु और शिव की उत्पत्ति हुई थी, जिन्होंने इस ब्रह्मांड की परिकल्पना की। नवरात्र पर्व स्त्री शक्ति की इसी सृजनात्मकता और उसके अनगिन रूपों की आराधना का पर्व है। आदिशक्ति संसार की सभी शक्तियों का केंद्र बिंदु हैं। इसलिए नवरात्र में देवी की उपासना से हमें मानसिक, आध्यात्मिक हर तरह की शक्ति प्राप्त हो सकती है। हमारी वैदिक संस्कृति के अनुसार प्रत्येक नारी अपने आप में दैदीप्यमान ज्योतिर्मयी सत्ता है। यानी आदिशक्ति का ही प्रतीक रूप। अपने भीतर की शक्ति को जागृत करने के लिए आदिशक्ति से शक्ति की कामना का ही पर्व है नवरात्र।

## उपवास से उपासना

नवरात्र के नौ दिन साधना और संयम के साथ आत्मजागरण करने का अवसर होता है। बिना संयम और चित्त पर नियंत्रण किए साधना नहीं की जा सकती। चित्त के हठीले संस्कार, लोभ, ईर्ष्या, जड़ता, भय जैसी नकारात्मक शक्तियां हमारे आगे बढ़ने की राह में सबसे बड़ी बाधा होती हैं। इनसे पार पाने के लिए नियमित साधना आवश्यक है। नवरात्र के दौरान किए जाने वाले उपवास से इस साधना पथ पर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होता है। साधना हमारे भावनात्मक संतुलन को साधती है। आंतरिक शक्ति का विस्तार कर संकल्पों को साकार करने में मदद करती है। मानसिक विकारों को दूर करती है और आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने के लिए सात्विक शक्तियों का बीजारोपण करती है।




## साधना का उद्देश्य

नवरात्र में उपवास और साधना का उद्देश्य स्व को परिमार्जित करना होता है। जिस तरह हमारा बाहरी व्यक्तित्व हमारे कपड़ों, गहनों और आचार-विचार से निर्धारित होता है, ठीक उसी तरह हमारा आंतरिक व्यक्तित्व आत्मसंयम, आत्मबल, इच्छाशक्ति, विवेक और ज्ञान से परिभाषित होता है। साधना के द्वारा ज्ञान और विवेक अर्जित किया जा सकता है। इसके अलावा साधना आत्म से साक्षात्कार का सबसे बड़ा माध्यम होती है। आत्म से साक्षात्कार समस्त शक्तियों और ज्ञान के मूल से परिचित होना है। बिना आत्म से मिले हुए कोई भी साधना अपूर्ण ही मानी जाएगी क्योंकि आत्म से मिलन अपनी चेतना में आदिशक्ति के अंश को पहचानना है। उसे अपने भौतिक जीवन में उतारना है। उसकी प्रेरणा से अपने जीवन की दिशाएं तय करना है।

## उपासना से होता है कल्याण

चैत्र मास में प्रकृति अपने सुंदरतम रूप में व्याप्त होती है। प्रकृति का यह उल्लास पूरे वातावरण पर प्रभाव डालता है। मान्यता है कि इस दौरान आध्यात्मिक साधना करने वालों पर सृष्टि में पर्याप्त सकारात्मक ऊर्जा दैवीय अनुकंपा के रूप में बरसती है। इस तरह प्रकृति से प्राप्त ऊर्जा का संयोजन आध्यात्मिक ऊर्जा से होता है। साधक के मन-मस्तिष्क और आचार-विचार का कायाकल्प हो जाता है। यानी हर तरह से हमारा कल्याण होता है। आत्मचेता मनुष्य सिर्फ अपने जीवन में बदलाव नहीं लाते बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव लाकर जीवन में सार्थकता लाते हैं। ❋

### स्त्रियों में विद्यमान देवी अंश

**शक्ति स्वरूपा** देवी का अंश स्त्रियों में भी विद्यमान होता है। इसीलिए उनकी ऊर्जा निरंतर और अक्षुण्ण होती है। बात संस्कार की हो या समर्पण की, कर्तव्य की हो या अपनत्व की इस सांसारिक यात्रा में स्त्रियां निरंतर सक्रिय रहती हैं, अपना दायित्व निभाती रहती हैं। उनमें मौजूद विभिन्न गुणों के आधार पर ही उन्हें लक्ष्मी, सरस्वती, काली और दुर्गा का अंश कहा जाता है। हम नवरात्र में दुर्गा जी की आराधना अवश्य करें लेकिन साथ ही शक्ति का अंश धारण करने वाली स्त्रियों को भी घर, बाहर और समाज में हर जगह आदर-सम्मान देना कभी ना भूलें।

# इंद्रधनुषी पर्व-संस्कृति का गुलदस्ता है बैसाखी

आगामी 13 अप्रैल को बैसाखी का पर्व मनाया जाएगा। यह पर्व जहां एक तरफ किसानों के उल्लास का प्रतीक है तो साथ ही यह कई धर्मों के अनुयायियों के लिए भी महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। इसे देश में कई रूपों में मनाया जाता है।

पर्वोल्लास
दिव्यज्योति 'नंदन'



बैसाखी एक ऐसा पर्व है, जिसके नाम लेते ही मन में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे सिख समुदाय के हमारे भाइयों की भांगड़ा करती छवि तैर जाती है। लेकिन बैसाखी सिर्फ पंजाब, हरियाणा भर का त्योहार नहीं है।

**फसल तैयार होने का उल्लास:** बैसाखी का यह पर्व होली के बाद रबी के फसल के पककर तैयार हो जाने और किसान भाइयों द्वारा इसकी भीनी-भीनी खुशबू से रोमांचित होकर दर्शाई गई खुशी और उमंग का नाम है। चूंकि रबी की फसल सिर्फ पंजाब, हरियाणा या उत्तर भारत में ही नहीं पैदा होती बल्कि पूरे भारत में थोड़े-थोड़े अंतराल के बीच दस्तक देती है। इसलिए देश के कई प्रांतों में बैसाखी के आस-पास कई ऐसे पर्व मनाए जाते हैं, जिनका संबंध प्राचीन भारतीय संस्कृति में बहुत गहरे तक जुड़ा हुआ है।

**कई धर्मों से जुड़ा पर्व:** बैसाखी वास्तव में वैशाख मास की संक्रांति है यानी, सौर मास का प्रथम दिन। बैसाखी हिंदू कैलेंडर के वैशाख महीने का अपभ्रंश है। बैसाखी के दिन सूर्य मेष राशि में संक्रमण करता है, इस कारण इसे वैदिक संस्कृति और ज्योतिष विधान में मेष संक्रांति या विषुवत संक्रांति भी कहते हैं।



बिहू पर्व पर नाचती-गातीं स्थानीय महिलाएं

बैसाखी विशुद्ध रूप से भारतीय उपमहाद्वीप का सांस्कृतिक पर्व है। इसलिए इसका जितना रिश्ता सिख धर्म से है, उतना ही हिंदू धर्म से भी है और उतना ही हिंदुस्तान में जन्मे बौद्ध और जैन धर्मों से भी है। यही वजह है कि बैसाखी का पर्व किसी न किसी रूप में पूरे देश में मनाया जाता है। बस फर्क इतना होता है कि अलग-अलग जगहों में इसका नाम अलग-अलग हो जाता है। इसे कहीं बसोआ, कहीं बिसुआ, कहीं जुड़ शीतल, कहीं पोहेला बौसाख, कहीं बिहू, कहीं विशु, कहीं पुथंडु कहते हैं। बैसाखी वास्तव में पकी फसल की सोंधी खुश्बू के उल्लास का पर्व है।


**कई रूपों में मनाते हैं पर्व:** बैसाखी का नाम लेते ही कानों में 'जट्टा आई रे बैसाखी...' की धुन गूंजने लगती है। देश के दूसरे हिस्सों में भी इस दिन सुर और ताल का खूब समां बंधता है। बैसाखी के दिन ही सिखों के दूसरे गुरु श्री अंगद देव जी का जन्म हुआ था और इसी दिन ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना आरंभ की थी। मान्यता है कि भगवान श्री राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। इसी दिन केरल और तमिलनाडु में बिशु पर्व और असम में बिहू तथा पश्चिम बंगाल में पोएला बैशाख पर्व मनाया जाता है। इस दिन पूरे भारत में लोग पवित्र नदियों, सरोवरों में स्नान करते हैं। दान-पुण्य करते हैं और इन सभी स्नानस्थलों पर लगने वाले मेलों में शामिल होते हैं। पंजाब में तो इस दिन पूरे प्रांत में 100 से ज्यादा जगहों पर छोटे-बड़े मेले लगते हैं। इस दिन लोग सुबह-सुबह नहाकर मंदिरों और गुरुद्वारों में जाते हैं। गली-गली में लंगर लगाए जाते हैं। इस अवसर पर हर तरफ खुशी और उल्लास का वातावरण दिखाई देता है। चित्रकूट और प्रयाग में भी इस दिन पवित्र स्नान और मेलों का आयोजन होता है। उत्तर प्रदेश में खासकर बुंदेलखंड के इलाके में इस दिन लोग नहा-धोकर और पूजा करके सत्तू खाते हैं। देशभर में इस समय गेहूं की फसल कट रही होती है या कटनी शुरू होती है। इसलिए किसान इस त्योहार को फसलों के इर्द-गिर्द नाचते-गाते हुए मनाते हैं।

**सिख समुदाय का पवित्र पर्व:** गुरु गोविंद सिंह ने वैशाख माह की षष्ठी को ही खालसा पंथ की स्थापना की थी। सिख समुदाय के लोग इसलिए भी बैसाखी को बड़े उल्लास से मनाते हैं। गुरु गोविंद सिंह जी ने 1699 ई. को बैसाखी पर श्री आनंदपुर साहिब में विशेष समागम किया था। इसमें देशभर की संगत ने आकर इस ऐतिहासिक अवसर पर अपना सहयोग दिया था। गुरु गोविंद सिंह जी ने इसी मौके पर संगत को ललकार कर कहा था, 'देश को गुलामी से आजाद करने के लिए मुझे एक शीश चाहिए।' गुरु साहिब की ललकार को सुनकर पांच वीरों दया सिंह खत्री, धर्म सिंह जट, मोहकम सिंह छीवां, साहिब सिंह और हिम्मत सिंह ने अपने-अपने शीश गुरु गोबिंद सिंह जी को भेंट किए थे। इन्हीं पांच वीरों के जरिए खालसा पंथ की स्थापना हुई थी, जिसने किस तरह संकट से घिरे हिंदू धर्म को बचाया, यह इतिहास के पन्नों में दर्ज है। ❋

# दो महाद्वीपों में फैला देश अजरबैजान

रोचक / मच्छिंद्र ऐनापुरे

इस पृथ्वी पर महाद्वीप, हम इंसानों द्वारा अपनी राजनीतिक सुविधा के लिए भौगोलिक सीमाओं का उपयोग करके बनाए गए विभाजन हैं। लेकिन अकसर प्रकृति का विभाजन बहुत सख्त नहीं होता और इसीलिए पृथ्वी पर दो महाद्वीपों में फैले देश मौजूद हैं। ऐसा ही एक देश है- अजरबैजान। यह देश पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया की सीमा पर स्थित है, इसलिए यह दोनों महाद्वीपों के बीच विभाजित है। एक तरफ कैस्पियन सागर और दूसरी तरफ काकेशस पर्वत के बीच बसा यह छोटा सा देश हमारे अपने देश के पश्चिम बंगाल राज्य से भी छोटा है।



इस देश की राजधानी बाकू, समुद्र तल से नीचे विश्व की सबसे निचली राजधानी है। बाकू शहर समुद्र तल से 92 मीटर नीचे है। बाकू शहर को वहां बहने वाली तेज हवाओं के कारण 'हवाओं का शहर' भी कहा जाता है। इस शहर में स्थित 'फ्लेम टावर्स' अपने अनूठे डिजाइन के कारण पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। ओल्ड सिटी सेंटर में एक पहाड़ी पर स्थित, ये टावर कैस्पियन सागर का सुंदर दृश्य प्रस्तुत करते हैं।

**देश का इतिहास:** ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में एट्रोपेटस इस भूमि का शासक हुआ करता था। एट्रोपेटस शब्द का अर्थ है 'पवित्र अग्नि की भूमि।' इस देश में स्थित यानरदाग एक ऐसा स्थान है, जहां प्राकृतिक गैस से प्रज्ज्वलित आग देखी जा सकती है और लगातार जलती रहती है, इसलिए यह नाम अग्नि की भूमि से आया होगा। माना जाता है कि इसी एट्रोपेटस से इस देश का नाम अजरबैजान पड़ा।

**अनोखे हैं तीन टावर्स:** यहां स्थित तीन फ्लेम टावरों में सबसे ऊंचा दक्षिण में 39 मंजिला टावर है। इस आवासीय टावर में 130 लक्जरी अपार्टमेंट हैं। उत्तरी कोने में 36 मंजिला टावर में 318 कमरों वाला फेयरमोंट होटल है। पश्चिमी तरफ, कॉर्पोरेट ऑफिसेस वाला टावर है। इन टावरों का निर्माण 2007 में शुरू हुआ और 2012 में इनका निर्माण पूरा हुआ था। इन टावरों का आकार आग की लपटों जैसा है, लेकिन उनकी सतह एलईडी स्क्रीन से बनी है और ये स्क्रीन आग की लपटों का दृश्य प्रदर्शित करती हैं, जिन्हें शहर में कहीं से भी देखा जा सकता है। ❋

# जब लगाएं परफ्यूम इन बातों का रखें ध्यान

लाइफस्टाइल / किरण भास्कर

मॉडर्न लाइफस्टाइल में आपकी ड्रेस और दूसरी एक्सेसरीज की तरह आपका परफ्यूम भी आपकी पर्सनालिटी को दर्शाता है। कई लोग अपने को रिफ्रेश करने के लिए बार-बार परफ्यूम का छिड़काव करते हैं, जबकि कई लोग ऐसे परफ्यूम लगाते हैं, जिसकी खुशबू लंबे समय तक बनी रहती है। दरअसल, खुशबू में इस्तेमाल किए जाने वाले तेल का महत्व ज्यादा होता है। यही वजह है कि वे परफ्यूम ज्यादा महंगे होते हैं, जिनमें यूज किया गया तेल महंगा होता है।

**परफ्यूम का असर:** विभिन्न इलेक्ट्रो फिजियो-लॉजिकल अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि वास्तव में हमारे परफ्यूम की खुशबू या सुगंध हमारे मूड को तय करती है। यही नहीं फ्रेगरेंस का रिश्ता हमारे तनाव और भावनाओं से भी सीधे तौर पर होता है। कई अध्ययनों से यह बात स्पष्ट हो गई है कि अलग-अलग तरह की सुगंध अलग-अलग तरह का प्रभाव डालती है। इसलिए हर किसी को यह जानना चाहिए कि उसके मूड का रिमोट आखिर कौन-सा परफ्यूम है और पूरी सजगता के साथ ऐसे परफ्यूम का इस्तेमाल करना चाहिए। अध्ययनों से यह भी साफ हुआ है कि फ्रेगरेंस का रिश्ता हमारी बेहतर नींद से भी है। इसलिए अपने लिए ऐसे परफ्यूम को चुनें, जो आपको बेहतर नींद मुहैया कराए। लब्बोलुआब यह कि अपने परफ्यूम को अपने मूड का रिमोट बनाइए।



**जब लगाएं परफ्यूम:** अपने लिए परफ्यूम सेलेक्ट और यूज करते समय कुछ बातों का ध्यान रखें।

- महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले ज्यादातर नियमित परफ्यूम देर तक खुशबू देते हैं। इनमें आमतौर पर 30 प्रतिशत से ज्यादा एसेंशियल ऑयल होता है और ये सुबह से लेकर शाम तक करीब 7-8 घंटे अपनी भीनी-भीनी खुशबू बिखेरते हैं और आप महकते रहते हैं।
- 15 से 22 प्रतिशत एसेंशियल ऑयल वाले परफ्यूम 3 से 5 घंटे तक खुशबू देते हैं। ऐसे परफ्यूम कलाई और गर्दन पर लगाने चाहिए।
- 8 से 15 प्रतिशत एसेंशियल ऑयल वाले परफ्यूम स्प्रे में आते हैं और इन्हें भी अकसर आम लोग इस्तेमाल करते हैं।
- 4 प्रतिशत एसेंशियल ऑयल वाले परफ्यूम को शरीर के हर हिस्से पर लगाया जा सकता है। यह स्पेशल बोतल में आता है और दो घंटे तक इसकी महक बनी रहती है।
- अगर लंबे समय तक परफ्यूम की खुशबू चाहते हैं तो इसे लगाने के लिए उसकी लेयरिंग टोन को कंसीडर करें और उसी महक को अलग-अलग प्रोडक्ट के रूप में इस्तेमाल करें। शावर या बाथ जैल के अलावा इसे बॉडी में लोशन या स्प्रे के साथ नहाने के बाद बाथ स्प्रे के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जब सेंट को परफ्यूम के रूप में इस्तेमाल करें तो इसे नीचे से ऊपर की ओर लगाएं। इससे पूरे शरीर में महक बनी रहती है।
- परफ्यूम को बॉडी प्वाइंट जैसे कोहनियों, बैक, घुटनों, कलाई, गर्दन और वक्ष स्थल में लगाएं, जहां इसकी महक लंबे समय तक रहती है। ❋



छोटे पर्दे से बड़े पर्दे पर आईं प्राची देसाई का सिक्का ओटीटी पर काफी जम चुका है। इन दिनों वह ओटीटी फिल्म 'साइलेंस : द नाइट आउल बार शूटआउट' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें प्राची का क्या किरदार है? क्या प्राची ने फिल्मों से दूरी बना ली है? करियर से जुड़े अहम सवालों पर प्राची देसाई से खुली बातचीत।

# ओटीटी पर मुझे फिल्मों के मुकाबले ज्यादा चैलेंजिंग किरदार मिल रहे हैं : प्राची देसाई

खास मुलाकात / पूजा सामंत

ओटीटी की लोकप्रियता को देखते हुए बॉलीवुड और टीवी से जुड़े कई नामी सितारों ने इसकी ओर रुख किया है। इनमें एक और एक्ट्रेस का नाम जुड़ गया है-प्राची देसाई। उन्होंने ओटीटी पर डेब्यू किया था फिल्म 'साइलेंस' से। प्राची ने तेलुगू भाषा के सुपरस्टार नागा चैतन्य के साथ भी एक वेब शो 'धूता' किया है। इन दिनों वह मनोज बाजपेयी के साथ 'साइलेंसःद नाइट आउल बार शूटआउट' को लेकर चर्चा में हैं। यह वेब सीरीज 16 अप्रैल को जी-5 पर रिलीज होगी। पेश है प्राची देसाई से हुई बातचीत के प्रमुख अंश -



'साइलेंस' के एक सीन में मनोज बाजपेयी के साथ प्राची देसाई

**फिल्म के बड़े पर्दे और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर काम करके क्या फर्क पाती हैं ?**

मेरी नजर में ओटीटी के लिए शूटिंग करना ज्यादा आसान है। सात-आठ एपिसोड्स की कहानी वाले वेब शो की शूटिंग ज्यादा से ज्यादा एक से डेढ़ महीने में खत्म हो जाती है। फिल्मों में बड़ा ताम-झाम होता है। बल्क में डेट्स ली जाती है। कभी फिल्म की शूटिंग नहीं हो पाई तो पूरा शेड्यूल गड़बड़ा जाता है। मेहनत तो फिल्म और ओटीटी दोनों जगहों पर है ही। वैसे ओटीटी पर मुझे फिल्मों के मुकाबले ज्यादा चैलेंजिंग किरदार मिल रहे हैं।

**आपने कुछ वर्ष पहले 'साइलेंस' सीजन-1 भी की थी। इसी फिल्म का दूसरा सीजन करने की क्या खास वजह रहीं, यानी आपने इसे क्यों एक्सेप्ट किया ?**

2020 के कोरोना लॉक डाउन के दौर में मैंने फिल्म 'साइलेंस' सीजन-1 की थी। यह एक सस्पेंस-थ्रिलर जॉनर की बहुत दिलचस्प फिल्म है। इस जॉनर की फिल्में आजकल खूब पसंद की जा रही हैं। 'साइलेंस' सीजन 1 की शूटिंग के समय बहुत सारे प्रोटोकॉल निभाने थे। शूटिंग करने की भी इजाजत आसानी से नहीं मिलती थी। इस मुश्किल समय में शूटिंग करना बिल्कुल आसान नहीं था। लेकिन सभी कलाकारों ने मिलजुल कर काम किया। उस अनुभव को, उन दिनों को मैं कभी नहीं भूला सकती। हम बस इंतजार ही कर रहे थे कि कब 'साइलेंस' का दूसरा सीजन बने। जब दूसरे सीजन का ऑफर मिला, इसे एक्सेप्ट करना तो बनता ही था।

**क्या इसकी कहानी-किरदार का आकर्षण नहीं था आपके लिए ?**

ऑफकोर्स था। कलाकार के लिए कहानी और किरदार का आकर्षण ना हो तो वह कलाकार कैसा? फिल्म में अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ काम करना एक बहुत बड़ा आकर्षण किसी भी एक्टर के लिए हो सकता है।

**फिल्म में अपने किरदार के बारे में बताएं ?**

इस फिल्म में मेरा किरदार इन्वेस्टिगेटिव पुलिस ऑफिसर संजना भाटिया का है। मेरा किरदार अंडर कवर्ड है। मस्ती-मजाक में भी पुलिस ऑफिसर संजना भाटिया अपने कर्तव्य को उचित अंजाम देती है।

**अपने किरदार के लिए आपने क्या कोई खास तैयारी की थी ? इसके लिए निर्देशक की कोई विशेष हिदायत थी ?**

अमूमन पुलिस अफसर जब किसी हीरो को दिखाया जाता है तब उसमें अकसर कई एक्शन सीन होते हैं, लेकिन निर्देशक अबन भरुचा देवहंस, जो एक सक्षम महिला निर्देशक हैं, उन्होंने मेरे किरदार को थोड़ा लाइट हार्टेड बनाया। सभी पुरुष पुलिस वालों में मैं एक महिला पुलिस ऑफिसर हूं, जो कहानी में हल्के-फुल्के संवाद बोलती है, सभी को हंसाती रहती है। संजना के कारण तनाव भरे माहौल में हल्का-फुल्का माहौल बनता है। हालांकि इसमें छोटे-मोटे एक्शन सीन हैं, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। यह मर्डर मिस्ट्री है। कहानी में सभी कड़ियों को जोड़े रखने में संजना कारगर मालूम होती है। इसलिए एक्शन, स्टंट्स करने वाली यह पुलिस अफसर नहीं है। यह संजना दर्शकों को याद रहेगी।

**आप अचानक फिल्मों से गायब हो गईं। अब चार वर्षों बाद ओटीटी पर नजर आ रही हैं ? आप फिल्मों से दूर क्यों हुईं ?**

मैं फिल्मों में नजर नहीं आई, जिसके कई कारण थे। कोरोना काल के लॉक डाउन में मेरी क्या शायद ही किसी अन्य एक्टर की फिल्म रिलीज हुई हो। मैंने जो फिल्में साइन की थीं, उनमें कोई फिल्म शुरू नहीं हो पाई। मैं अपने पैशन के लिए फिल्में करती हूं, यह जरूरी नहीं मेरी हर वर्ष दो-चार फिल्में रिलीज हों। एक वर्ष में बस एक फिल्म रिलीज हो, जिसे करने में मुझे खुशी हो, इतना काफी है मेरे लिए। मैं बहुत चूजी हूं, जो पसंद आए सिर्फ उसे ही एक्सेप्ट करती हूं। ओटीटी पर जो भी प्रोजेक्ट किए, मेरे परफॉर्मेंस की प्रशंसा हुई। ऐसा नहीं है कि मैं बड़े पर्दे से दूर हो गई हूं।

**'साइलेंस' सीजन-2 के अलावा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इधर और क्या किया है ?**

अमेजॉन प्राइम पर 'धूता' रिलीज हुए अभी तीन महीने हुए हैं। इस वेब शो का रिजल्ट काफी उत्साहवर्धक रहा। आठ कड़ियों वाले इस शो का जो फीडबैक मिला, देखकर खुशी हुई। लगा मेरा यह निर्णय सही था कि मैं ओटीटी के नए प्लेटफॉर्म पर खुद को आजमा लूं। विक्रम कुमार इसके निर्देशक हैं, मेरे को-स्टार नागा चैतन्य हैं। मुझे निर्देशक विक्रम कुमार और नागा चैतन्य ने काफी कन्विंस किया कि मैं यह शो कर खुद को आजमाऊं। अगर मेरे लिए यह रिस्क है तो रिस्क लेना सही है। बिना रिस्क, बिना चैलेंज एक एक्टर के रूप में मैं कैसे ग्रो करूंगी? उनके इस तरह समझाने के बाद मैं वेब शो 'धूता' के लिए मान गई। इस वेब शो का यह पहला सीजन है। दूसरे सीजन की तैयारी चल रही है। ❋